दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनू, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 99 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 02 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

# हाई अलर्ट : अरब सागर में उतरे नौसेना के जंगी जहाज

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से 30 अप्रैल से 3 मई तक गुजरात तट के पास अरब सागर में नौसेना बड़े पैमाने पर अभ्यास कर रही है। इस दौरान किसी भी असामान्य गतिविधि के प्रति युद्धपोतों को सतर्क रखा गया है। हाल ही में भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोतों से कई एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग कर सफलतापूर्वक लंबी दूरी के सटीक हमलों की तैयारी को साबित किया था। अब भारतीय नौसेना कई तरह के अभ्यास में जुटी है जिसमें मिसाइल फायरिंग और युद्धाभ्यास शामिल हैं।

## आने वाले दिनों में होंगे और अभ्यास

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी कई प्रदर्शन और अभ्यास की योजना है। भारतीय कोस्ट गार्ड ने भी गुजरात तट से दूर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा के निकट जहाज तैनात किए हैं और निगरानी बढ़ाने के लिए नौसेना के साथ साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि अभ्यास के दौरान की गई फायरिंग लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफॉर्मों, प्रणालियों और चालक दल की तत्परता को प्रमाणित करने और प्रदर्शित करने के लिए की गई थी।




## आईएनएस सूरत का अभ्यास रहा सफल

एमआर-एसएएम सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों और अन्य हवाई लक्ष्यों के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी है। भारतीय नौसेना ने एक्स पर लिखा कि भारतीय नौसेना के नई स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य पर सटीक हमला करने का सफलतापूर्वक अभ्यास किया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है।

## युद्धपोतों से की एंटी-शिप मिसाइलों की फायरिंग

## नौसेना ने अरब सागर में तैनात किए युद्धपोत

भारतीय नौसेना ने युद्धपोतों को अरब सागर में तैनात किया है और इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य युद्ध के दौरान नौसेना की तत्परता और भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की उसकी क्षमता का प्रदर्शन करना था। इससे पहले, भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सूरत ने अरब सागर में मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया था। यह परीक्षण अरब सागर में पाकिस्तान नौसेना की ओर से निर्धारित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल परीक्षण से पहले हुआ था।

# भारत से थर्र-थर्र कांपा पाकिस्तान, कराची और लाहौर का हवाई क्षेत्र अस्थायी बंद



**इस्लामाबाद/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से लगातार की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान बौखला गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पूरे मई महीने के सभी दिन सीमित समय के लिए कराची और लाहौर के हवाई क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को बंद करने की घोषणा की है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और इस्लामाबाद के बीच बढ़े तनाव और नई दिल्ली की तरफे से जवाबी कार्रवाई की आशंका के बीच पाकिस्तान के विमानन अधिकारियों की तरफ से यह घोषणा की गई है। एक आधिकारिक नोटिस का हवाला देते हुए कहा कि प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र 1 मई से 31 मई के बीच स्थानीय समयानुसार प्रतिदिन सुबह 4.00 बजे से सुबह 8.00 बजे तक बंद रहेगा। पाकिस्तानी नागरिक विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने कहा कि बंद होने से वाणिज्यिक उड़ान संचालन में कोई खास बाधा नहीं आएगी, क्योंकि प्रतिबंधित घंटों के दौरान विमानों को वैकल्पिक उड़ान मार्गों के माध्यम से भेजा जाएगा। वहीं एक दिन पहले भारत ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है। नोटम के तहत भारत ने 30 अप्रैल से 23 मई 2025 तक अपने एयरस्पेस को सभी पाकिस्तानी यात्री विमानों और सैन्य विमानों के लिए बंद कर दिया गया है। नोटिस टू एयर मिशन सिस्टम एक तरह की संचार व्यवस्था है, जिसकी मदद से फ्लाइट में मौजूद केबिन क्रू के लोगों के लिए अहम सूचनाएं भेजी जाती हैं। यह बेहद गोपनीय सूचना तंत्र है, जिसमें सेंध लगाना बेहद मुश्किल काम है।

## इंच इंच भूमि से आतंकवाद को मिटा देंगे

# आतंकियों को चुन-चुन कर मारेंगे : अमित शाह

जयपुर टाइम्स



**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि आतंकवाद को जड़ समेत उखाड़ फेकेंगे। आतंकियों को चुन-चुन कर मारेंगे। आतंक पर सरकार की जीरो टॉरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि हमला करने वाले आतंकी नहीं बचेंगे। आतंकवाद के खात्मे तक ये लड़ाई जारी रहेगी। आतंकवाद को जड़ से नाश करेंगे। दरअसल, दिल्ली में बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह केंद्रीय गृहमंत्री ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है। यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की मूर्ति न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज मैं जनता से कहना चाहता हूं कि हम 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती से लड़ रहे हैं। आज वो (आतंकवादी) ये न सोचें कि उन्होंने हमारे नागरिकों की जान लेकर लड़ाई जीत ली है। मैं आतंक फैलाने वालों से कहना चाहता हूं कि ये लड़ाई खत्म नहीं हुई है, हर शख्स को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान की बीच रिश्तों में तनाव है। भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन ले रहा है। इस बीच गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी कीमत पर आतंकवाद को नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## सीएम भजनलाल के निर्देश का दिखने लगा असर

# राजस्थान सरकार ने कसा अवैध बांग्लादेशियों पर शिकंजा, 100 से अधिक हिरासत में

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राजस्थान में बांग्लादेशी नागरिकों को उनके देश भेजने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए भजनलाल सरकार ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को चिह्नित कर रही है। अब तक बांग्लादेशियों के ख़िलाफ़ सर्च ऑपरेशन में 100 से ज्यादा संदिग्ध पकड़े गए हैं। यह ऑपरेशन गुरुवार सुबह 4 से 8 बजे तक चलाया गया है, जिसमें 35 लोगों के दस्तावेज फर्जी मिले हैं। इन सभी को हिरासत में लेकर दस्तावेज, कॉल डिटेल व लेनदेन की जांच की जा रही है। एडिशनल कमिश्नर डॉ. रामेश्वर सिंह ने कहा कि सभी को अलवर के डिटेंशन सेंटर में भेजा जाएगा। सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई जयपुर के हसनपुरा, दौलपुरा और भांकरोटा इलाके बने संदिग्धों के ठिकानों पर की गई है। इसके बाद सीबीआई के जरिए पत्राचार कर डिपोर्टेशन की तैयारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेज बनवाने वालों की भी पहचान शुरू कर दी गई है, इन पर जल्द होगी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब तक विशेष अभियान के तहत अब तक 50 बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया जा चुका है। बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हाई लेवट मीटिंग में सीएम भजनलाल ने राजस्थान में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि राज्य की सुरक्षा, और सामाजिक समरसता को प्रभावित करने वाले ऐसे तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित अवैध बाग्लादेशियों को चिन्हित कर उन्हें जल्द से जल्द डिपोर्ट किया जाए। बैठक में गृह विभाग, पुलिस, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अभियान के तहत संदिग्ध बस्तियों में विशेष तलाशी और सत्यापन अभियान चलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस काम में स्थानीय नागरिकों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति को परेशान न किया जाए और अवैध तत्वों की पहचान में सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाएगी और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास का निधन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/उदयपुर(कासं.)।** कांग्रेस वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास का निधन हो गया है। हाल ही गणगौर त्यौहार के दौरान कांग्रेस वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास एक हादसे में बुरी तरह जल गई थी। जिसके बाद उनका इलाज पहले उदयपुर और बाद में अहमदाबाद में चल रहा था। लेकिन गुरुवार को डॉ गिरिजा व्यास ने अंतिम सांस ली। गिरिजा व्यास की उम्र 79 साल थी। राजस्थान और देश की राजनीति में गिरिजा व्यास का नाम काफी बड़ा था। गिरिजा व्यास उदयपुर शहर में अपने घर पर थी जब 31 मार्च को हादसा हुआ था। वह हादसे में काफी ज्यादा झुलस गई थी। उन्हें इलाज के लिए उदयपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया था। लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें फौरन अहमदाबाद रेफर कर दिया गया। इसके बाद से अब तक उनका इलाज लगातार जारी था। गिरिजा व्यास के निधन के बाद उनके समर्थकों और कांग्रेस में गहरा शोक है। वहीं सत्तापक्ष के नेता भी गिरिजा व्यास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने भी डॉ गिरिजा व्यास के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी शोक जाहिर करते हुए कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ गिरिजा व्यास का निधन हम सबके लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ गिरिजा व्यास ने शिक्षा, राजनीति व समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ा योगदान था। उनका इस तरह एक हादसे का शिकार होकर असमय जाना हम सभी के लिए एक बड़ा आघात है।

# आरक्षण बढ़ाकर 68 प्रतिशत करे सरकार: मल्लिकार्जुन खरगे



**हुबली (एजेंसी.)**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को मांग की कि केंद्र आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाए और इसे बढ़ाकर 68 प्रतिशत करे। खरगे ने केंद्र सरकार पर शुरू में जाति जनगणना कराने के लिए उत्सुक नहीं होने और कांग्रेस पार्टी की तरफ से बनाए गए दबाव के बाद सहमत होने का भी आरोप लगाया। हुबली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं मांग करता हूं कि केंद्र आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाए और इसे बढ़ाकर 67 से 68 प्रतिशत करे।' कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ, देश बचाओ' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम मूल्य बढ़ोतरी के खिलाफ भी है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए केंद्र जिम्मेदार है। खरगे के अनुसार, तमिलनाडु सरकार की तरफ से दिए गए आरक्षण के अनुरूप आरक्षण को बढ़ाकर 68 प्रतिशत किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र आरक्षण को 67 से 68 प्रतिशत करने के रास्ते पर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र शुरू में जाति जनगणना कराने के लिए उत्सुक नहीं था। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'केंद्र कभी भी जनगणना नहीं करना चाहता था, लेकिन हमें नहीं पता कि उन्हें कितनी सद्बुद्धि आई।' उन्होंने यह भी जानना चाहा कि 2021 में जनगणना क्यों नहीं हुई। खरगे ने कहा कि अगर जनगणना तब होती, तो हमें नागरिकों की स्थिति, उनकी प्रति व्यक्ति आय, उनके वेतन, सृजित नौकरियों की संख्या और गरीबी से बाहर आए लोगों की संख्या का पता चल जाता। कांग्रेस प्रमुख ने आगे कहा, 'अब जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे कराने का फैसला किया है, तो हमारा अनुमान है कि केंद्र सरकार इस काम को पूरे मन से नहीं कर रही है।' खरगे ने गणना का काम पूरा करने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय की। उन्होंने कहा, 'आपको इसे तीन महीने में पूरा करना होगा, तभी हम यह निष्कर्ष निकालेंगे कि आप जनगणना कराने में रुचि रखते हैं। अगर आप ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो हम मान लेंगे कि आप इसके लिए इच्छुक नहीं हैं।'

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को मिले शहीद का दर्जा: राहुल गांधी

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। इसी बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवारों के दुख में साथ हैं और उनकी इस मांग का पूरा समर्थन करते हैं।

## टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी

तीन जुलाई से शुरू होने जा रही श्रीअमरनाथ यात्रा से पहले इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफ के 47 जवान मारे गए थे।



## राहुल गांधी ने पीएम मोदी से की अपील

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मैं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख और उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि इस त्रासदी में जान गंवाने वालों के परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें यह सम्मान दें। बता दें कि इससे पहले बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कानपुर में हमले के एक पीड़ित शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि परिवार ने उनसे कहा कि उनके बेटे को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इसके बाद राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं कानपुर में एक पीड़ित परिवार से मिला। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवार ने मुझसे कहा कि प्रधानमंत्री तक उनका संदेश पहुंचाएं, कि हमारे बच्चे शहीद हुए हैं और उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष इस मामले को लेकर गंभीर है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी।

## जिला कलक्टर ने दिए अवैध शराब उत्पादकों व विक्रताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आदेश जारी कर जिले में अवैध शराब उत्पादकों व विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर ने जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये हैं कि जिले में अवैध जहरीली एवं कच्ची शराब तथा हथकड़ शराब उत्पादकों या विक्रताओं के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करें तथा ऐसा करने वालों की पहचान कर उनको उक्त कृत्य नही करने हेतु पांबद किया जावें। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध शराब उत्पादकों या विक्रताओं के पास जमा अवैध जहरीली या कच्ची व हथकड़ शराब को नष्ट कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पैतपुर, किशनपुर एवं ब तपुरा गांव में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगनी एवं एएनएम के संयुक्त दल द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर क्रोनिकल लीवर डीजीज, दमा, अस्थमा इत्यादि गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों का रिकॉर्ड संधारित कर लोगों का समुचित उपचार कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार अलवर को निर्देशित किया कि वे उक्त गांवों में पदस्थापित पटवारियों एवं गिरदावरों से मेडिकल टीम के साथ घर-घर सर्वे कराया जाकर लोगों में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए सतत निगरानी करावें।

## आर्य पब्लिक स्कूल हसन खॉ मेवात में लगाया वाटर कूलर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर द्वारा सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत आर के इंफ्रा के राकेश जैन अगोनीज एवं अशोक जैन अगोनीज के सौजन्य से 11 वाटर कूलर के लगाने के क्रम में दूसरा वाटर कूलर आर्य पब्लिक स्कूल हसन खॉ मेवात, अलवर में उद्धघाटन किया गया। इस वाटर कूलर के समस्त रख रखाव की जि मेदारी स्कूल की रहेगी। रोटरी क्लब अलवर अध्यक्ष दीपक कट्टा ने बताया गुरुवार को उद्धाटन कार्यक्रम में आर के इंफ्रा से अशोक जैन, आर्य पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट अशोक आर्य, डायरेक्टर कमला शर्मा, सचिव प्रदीप आर्य, सयुंक्त सचिव सुरेंद्र सक्सेना, मेंबर्स प्रमोद आर्य, शिव कुमार, इंद्रा आर्य, सुमन आर्य, डा.दिविशा आर्य, अतिथी के के खण्डेलवाल, अशोक मेठी एवं रोटरी क्लब अलवर से रोटेरियन निवर्तमान प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, असिस्टेंट गवर्नर जितेंद्र खुराना, सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष वी डी अग्रवाल, विकास गुप्ता, सर्विस प्रोजेक्ट डायरेक्टर ऋषि मित्तल, सुनिल गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अशोक कुमार, मगन चंद जैन, सुमन यादव उपस्थित रहे। इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटरी क्लब अलवर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन नीरज जैन हैं। उल्लेखनीय है कि इस कैंपेन की प्रेरणा दैनिक भास्कर समाचार पत्र समूह ने निभाई है।

## द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां शुरु, जिले के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर द्वारा 10 मई को अलवर जिले के समस्त न्यायालयों में ल बित प्रकरण या विवाद पूर्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए आयोजित होने वाली वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल का आयोजन के लिए गुरुवार को प्रात 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के सचिव एवं एडीजे मोहन लाल सोनी की अध्यक्षता मे जिला मुख्यालय के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ एवम दोपहर 12.30 बजे तालुका व अन्य न्यायिक मुख्यालय के न्यायिक अधिकारियों के साथ वेबेक्स एप्लीकेशन के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। एडीजे सोनी द्वारा राजीनामा योग्य प्रकरणों जिनमें विशेष तौर पर एन आई एक्ट, फैमिली, एम ए सी टी आदि प्रकरणों मे नियमित रूप से प्रीकाउंसलिंग एवं सुलहवार्ता करने के दिशा निर्देश प्रदान किये गये। इसके साथ ही प्रत्येक न्यायिक अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक निस्तारण के निर्देश प्रदान किए गए। वहीं समस्त तालुका अध्यक्ष को राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के साथ अधिकाधिक प्रकरणों को चिन्हित एवं निस्तारण करने के दिशा निर्देश भी प्रदान किये गये।

## सड़क गुणवत्ता जांच के लिये देश का सबसे बड़ा अभियान,

**जयपुर(कासं.)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश भर में डीएलपी सड़कों की गुणवत्ता जांच एवं सड़क गुणवत्ता के प्रति जन जागरूकता हेतु आयोजित की जा रही सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा (सगुनि) को इंडिया बुक आफ़ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर के सभागार में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता गुण नियंत्रण जसवंत खत्री को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में मुख्य अभियंता गुणवत्ता नियंत्रण जसवंत खत्री के नेतृत्व में निकाली जा रही है इस यात्रा ने किसी राज्य में डीएलपी सड़को की गुणवत्ता जाँच हेतु तय की गई सर्वाधिक दूरी के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। अब तक इस यात्रा के माध्यम से 11200 किमी की दूरी तय की जा चुकी है जबकि अभी 10 अन्य जिलों में पहुँचनी शेष है। मुख्य अभियंता जसंवत खत्री ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं निदेशालय तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2082 को ,सड़क गुणवत्ता निरीक्षण (सगुनि )यात्रा, श्री गंगानगर जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय से शुरू की गई थी जो कि दौसा होती हुई गुरूवार को जयपुर शहर में पहुँची है ।

# जिला कलक्टर ने की 'माई सिटी, माई पार्क' अभियान की शुरूआत

### नगर विकास न्यास की प्रत्येक कॉलोनी में करेगी एक मॉडल पार्क विकसित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में अलवर शहर पार्कों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण के लिए विशेष अभियान 'माई सिटी, माई पार्क' की शुरूआत की। जिला कलक्टर ने कहा कि अलवर शहर पार्कों के शहर के रूप में विख्यात रहा है। इस गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शहर के पार्कों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यकरण हेतु 'माई सिटी, माई पार्क' अभियान शुभारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आमजन व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से पार्क को अडॉप्ट कर इनके सौन्दर्यकरण व संरक्षण में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पार्कों को अडॉप्ट करने के लिए जल्द ही पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जिसके माध्यम से स्थानीय निवासी, रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन, व्यापारिक संगठन व प्रतिष्ठान, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं क्लब इत्यादि पार्कों को गोद ले सकेंगे। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया है कि शहर के पार्कों के उन्नयन एवं सौन्दर्यकरण हेतु पार्कों को अडॉप्ट कर अपनी सहभागिता निभाते हुए जागरूक नागरिक की भूमिका अदा करें। उन्होंने नगर विकास न्यास की सचिव एवं नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर के चिन्हित समस्त 166 पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर आगामी तीन माह में साफ-सफाई, अवांछित झाडियों व पौधों की कटाई-छटाई, बाउंड्री वाल मरम्मत व रंगरोगन, प्रवेश द्वार निर्माण एवं पार्क का नाम लिखवाने इत्यादि कार्य कराना सुनिश्चित करें। साथ ही द्वितीय चरण में जनसहभागिता से आवश्यकतानुसार बैठने के लिए बैंच, बच्चों के खेलने के लिए झूले, रोशनी, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम के उपकरण लगवाएं। साथ ही पार्कों में सघन पौधारोपण कराकर उनका रखरखाव एवं संरक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि नगर विकास न्यास की प्रत्येक कॉलोनी में एक मॉडल पार्क विकसित करें। बैठक में यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, नगर निगम के अधिशाषी अभियन्ता खेमराज मीणा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने शिवाजी पार्क स्थित राजकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

### मिड डे मील भोजन, रसोई, कम्प्यूटर लैब, पेयजल के साथ शौचालय आदि व्यवस्थाओं का लिया जायजा





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शहर के शिवाजी पार्क स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान राजकीय विद्यालयों में मिड डे मील, रसोई, कम्प्यूटर लैब, कक्षा-कक्षा, शौचालय, साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मिड डे मील के तहत बच्चों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को स्वयं चख कर परखा। उन्होंने बच्चों से संवाद कर भोजन की गुणवत्ता का फीडबैक लेकर प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि भोजन की गुणवत्ता बरकरार रखने के साथ-साथ विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था में और सुधार करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को निर्धारित मेन्यू व मात्रा के अनुसार प्रतिदिन खाना उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों विशेष कर बालिकाओं को कंप्यूटर शिक्षा के प्रति रुचि रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर के विभिन्न एप्लीकेशंस का ज्ञान बच्चों को होना अति आवश्यक है, बच्चों को कंप्यूटर कालांश के दौरान वेबसाइट निर्माण, प्रेजेंटेशन निर्माण, ब्लॉगिंग व टाइपिंग सहित अन्य उपयोगी एप्लीकेशन के बारे में जानकारी देवें, ताकि भविष्य में कंप्यूटर की महत्वता के दृष्टिगत बच्चे कंप्यूटर के ज्ञान में नहीं पिछडे। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से उनकी परीक्षाओं के पेपरों के बारे में फीडबैक लेकर अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए कडी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को नवीन पहल के तौर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी पार्क की वेबसाइट एवं ब्लॉग तैयार करवाने के भी निर्देश दिए तथा विद्यालय की बालिकाओं की कंप्यूटर शिक्षा में रुचि को देखकर कंप्यूटर लैब को और उन्नत करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर को प्रधानाचार्यों द्वारा विद्यालयों में पानी की समस्या से अवगत करवाया गया, जिस पर कलक्टर ने कहा कि पेयजल समस्या का त्वरित समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एडीपीसी मनोज शर्मा, प्रधानाचार्य शिव कुमार गुप्ता एवं सुमन गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## वन राज्यमंत्री ने नाहर शक्ति माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की

### राज्य सरकार प्राचीन व ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार हेतु प्रतिबद्ध - मंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सरिस्का के सिलिबेरी स्थित नाहर शक्ति माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ प्राचीन व ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के उन्नयन व जीर्णोद्धार को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के नेतृत्व में अलवर को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पेश किए गए बजट में अलवर जिले के धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं जीर्णोद्धार कराए जाने की विशेष सौगातें दी गई है जिनमें मूसीरानी छतरी, गरबा जी मंदिर व लालदास जी मंदिर अलवर में जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य कराए जाने, ग्रामीण पर्यटन को बढावा देने के लिए रूसी रानी (दबकन) में विकास कार्य कराए जाने की घोषणा के साथ-साथ संस्कृति पोर्टल से प्रदेश के गांवों व मंदिरों के इतिहास को रिकॉर्ड करने, विभिन्न मंदिरों के उन्नयन हेतु 101 करोड रूपये, मंदिर में भोग की राशि को बढाकर 3000 रुपए प्रतिमाह और पुजारियों का मानदेय 7500 रुपए प्रतिमाह करने की ऐतिहासिक घोषणा की है। इससे न केवल धार्मिकों स्थलों का उन्नयन होकर स्वरूप में निखार आएगा बल्कि जिले के पर्यटन विकास को भी तीव्र गति मिलेगी। उन्होंने मंदिर कमेटी द्वारा किए गए स्वागत सम्मान के लिए हृदय से आभार।

## 3 व 4 मई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 3 व 4 मई को संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रमनुसार 3 मई को रामगढ विधानसभा में प्रातः 7:30 बजे से ग्राम पंचायत मालपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुर के परिसर में ग्राम पंचायत चिडवई, ईदपुर, मालपुर, निजाम नगर व तिलवाड के लिए कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे से ग्राम पंचायत ललावंडी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ललावंडी के परिसर में ग्राम पंचायत सैंथली, ललावंडी, मूनपुर व खानपुर कलां के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 4 मई को बहरोड विधानसभा में प्रातः 7:30 बजे से ग्राम पंचायत उंटोली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उंटोली के परिसर में ग्राम पंचायत उंटोली, खोहरी, कोहराना व महाराजावास के लिए कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9 बजे से ग्राम पंचायत बिचपुरी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी के परिसर में ग्राम पंचायत बिचपुरी, दोसोद, माजरी कलां व रोडवाल के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा।

## जिले में गौवंश को लेकर "निराश्रित गौवंश को आश्रय अभियान 2025" 9 मई तक चलाया जाएगा



### निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025 के तहत 34 गोवंशों को प्रदान किया गया आश्रय

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले के शहरी क्षेत्रों (नगर परिषद / नगर पालिका) में निराश्रित गौवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका और घटनाओं को देखते हुए जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने इस दिशा में एक अभिनव पहल "निराश्रित गोवंश को आश्रय अभियान 2025" शुरू की जिसमें अभियान के प्रथम दिन जिले भर में कुल 34 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान का संचालन नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में किया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन नगर परिषद तिजारा क्षेत्र से 21 गोवंश को श्री मोनी बाबा गौशाला सूरजमुखी आश्रम मेंआश्रय प्रदान किया। इसी प्रकार नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 11 गोवंश को बाबा मोहन राम गौशाला तथा खैरथल में 2 गोवंशों को आश्रय प्रदान किया गया। अभियान के तहत नगर परिषद और नगर पालिका स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित कर नगरों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को चिन्हित कर निकटवर्ती गौशालाओं में सुरक्षित रूप से पहुंचाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और निराश्रित पशुओं को बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना है।

## रेरा केवल नियामक नहीं, बिल्डर और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सेतु है - नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय विकास को लेकर राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं जो प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेरा केवल नियामक संस्थान ही नहीं, बिल्डर और उपभोक्ता के बीच विश्वास का सेतु है। उन्होंने कहा कि आज रेरा के कारण न केवल स्थानीय निवासियों में बल्कि अप्रवासी भारतीयों के बीच भी विश्वास स्थापित हुआ है जिसके चलते वे विदेश में रहते हुए भी राजस्थान के रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। खर्रा ने कहा कि रेरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ भविष्य की आवासीय आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का कार्य कर रहा है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में गुरुवार को रेरा दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान रेरा- अब तक का सफर और भविष्य की तैयारी थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने राज रेरा 2.0 वेबसाइट की लॉन्चिंग की। यूजर फ्रेंडली राज रेरा 2.0 वेबसाइट के माध्यम से रेरा के विभिन्न कार्यों को पूर्णत पारदर्शिता के साथ दर्शाया गया है। साथ ही, वेबसाइट पर अनुमोदित प्रोजेक्टस की लोकेशन, शिकायतों का स्टेटस, नवीनतम निर्णय आदि का अवलोकन कर सकते हैं। रेरा की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने कहा कि रेरा द्वारा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। रेरा प्रदेश में ग्रीन सर्टिफिकेशन और ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रयास कर रहा है, जिससे सतत विकास की अवधारणा को साकार किया जा सके। गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को सशक्त दिशा देने के लिए रेरा हर संभव प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने गत आठ वर्षों में रेरा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी साझा की। प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग वैभव गालरिया ने कहा कि रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट घर खरीदारों के हितों की रक्षा करता है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि नीतियों के निर्माण में रेरा के प्रावधानों को प्राथमिकता दी जाए।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल कटाई प्रयोगों पर उठी आपत्तियों के समाधान के लिए गुरुवार को पंत कृषि भवन में राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने की। बैठक में भीलवाड़ा जिले के रबी 2023-24 के 9 पटवार मंडलों के 33 फसल कटाई प्रयोगों से संबंधित आपत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शासन सचिव ने अधिकारियों एवं बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों से योजना के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए आपत्तियों का निस्तारण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल कटाई प्रयोगों को पूरी पारदर्शिता व समयबद्ध तरीके से संपादित किया जाए, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। सरकार अब तक खरीफ 2023 में 1,700 करोड़ रुपये एवं रबी 2023-24 में 1,153 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम किसानों को वितरित कर चुकी है। किसानों के शेष दावों का भुगतान शीघ्र किया जाएगा। वर्तमान सरकार द्वारा अब तक लगभग 3,670 करोड़ रुपये की राशि बीमा योजना के तहत किसानों को दी जा चुकी है। बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, अतिरिक्त निदेशक गोपाल लाल, अतर सिंह मीणा, इन्द्र कुमार संचेती, डॉ. जगदेव सिंह, विनोद कुमार जैन, डॉ. राम दयाल, भूरा लाल सुथार सहित विभागीय अधिकारी एवं बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण की बाल लीला और गोवर्धन पूजा का वर्णन, माखन चोरी की कथा से भक्त विभोर



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथा व्यास वृंदावन की आचार्या देवी रजनीश्वरी मिश्रा ने श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर सात दिन तक उठाए रखा। गोप-गोपिकाएं पर्वत की छाया में सुरक्षित रहे। सातवें दिन गोवर्धन को नीचे रखने के बाद भगवान ने हर वर्ष गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव मनाने का आदेश दिया। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। आचार्या मिश्रा ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब श्रीकृष्ण पहली बार घर से बाहर निकले, तो बृज में उनकी मित्र मंडली बनी। सभी मित्र मिलकर योजना बनाते और गोपियों के घर से माखन चुराते थे। श्रीकृष्ण माखन को अपने सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। कथा व्यास रजनीश्वरी मिश्रा ने बताया कि भगवान को जिस घर से माखन चुराया हो, उसी के द्वार पर बैठकर खाने में विशेष आनंद आता था। उनके इस नटखट बाल रूप पर सभी गोपियां मुग्ध थीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## मुरलीपुरा में पशुओं का टीकाकरण और टैगिंग: मुंहपका-खुरपका से बचाव को लेकर चला जागरूकता अभियान

**जयपुर(कासं.)** जिले के जोबनेर क्षेत्र के मुरलीपुरा गांव में 1 मई को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मुंहपका-खुरपका रोग से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण और टैगिंग की गई। यह अभियान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम के पांचवें चरण के अंतर्गत किया गया, जिसकी शुरुआत 18 मार्च से हुई थी। इस अभियान के तहत गायों और भैंसों को मुंहपका-खुरपका रोग से बचाने के लिए वैक्सीन दी गई। साथ ही ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम और पशुशालाओं की साफ-सफाई को लेकर जागरूक किया गया। पशुपालन विभाग जयपुर की टीम ने इस कार्य को अंजाम दिया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय के उपनिदेशक डॉ. राधेश्याम मीणा ने मौके पर पहुंचकर टीकाकरण कार्य की गुणवत्ता और प्रक्रिया का जायजा लिया।

### नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री के दस्तवेजो में भूलवंश उसका नाम अविका दर्ज हो गया। जो की गलत है। जबकि उसका सही नाम अविका ख्यालिया है, जो सही व सत्य है। अतः उसे उसके सही नाम अविका ख्यालिया के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

**सुमन पत्नी गिरधारी लाल निवासी ख्यालयों की ढाणी बठोट जिला सीकर**




# विभिन्न मांगों को लेकर आरएलपी व चीता सेना ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

### मांगें नहीं मानने तक धरना जारी रखने का ऐलान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के गांधी चौक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी व चीता सेना संगठन के कार्यकर्ताओं की ओर से लगातार दोनों संगठनों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का धरने की तरफ ध्यान नहीं जाने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। पिछले एक महीने से चीता सेना का गांधी चौक पर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर धरना दिया जा रहा है। तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। वहीं आरएलपी के कार्यकर्ताओं की ओर से भी 12 दिनों से 9 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। गुरुवार को दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से तहसील कार्यालय का घेराव कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई। तहसीलदार रतनलाल मीणा की ओर से आरएलपी कार्यकर्ताओं की 9 सूत्रीय मांगों में 8 मांगों पर सहमति जताई है। एक मांग पर सहमति नहीं बनने पर आरएलपी कार्यकर्ताओं की ओर से धरना अनवरत जारी रखनरखने का निर्णय लिया गया है। किसान नेता रूपचंद सारण राजास ने बताया कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले चीता सेना के समर्थन में धरना गांधी चौक पर दिया जा रहा है। तहसीलदार कार्यालय का घेराव किया गया। जिस पर हमारी 9 सूत्रीय मांगों में से आठ मांगों पर सहमति बनी है। एक मांग को लेकर एक सप्ताह का समय प्रशासन की ओर से मांगा गया है। जब तक मांगे नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा धरना अनवरत जारी रहेगा। आरएलपी के राकेश चौधरी ने बताया कि क्षेत्र की मुख्य समस्याओं को लेकर यहां धरना दिया जा रहा है और तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार की जांच करवाने की मांग को लेकर चीता सेना द्वारा धरना दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से हमारी जो मुख्य समस्याएं हैं उन पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। उपखंड अधिकारी डॉ दिव्या चौधरी को भी ज्ञापन देकर मामले में संज्ञान लेकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। एसडीएम ने एक सप्ताह का समय लेकर आश्वासन दिया है कि आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन व हमारा आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया है। धरने पर किसान नेता रूपचंद सारण राजास, प्रभु राम भादू, सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, धीरेंद्र सैनी, सहीराम नाई, दाताराम मोठसरा, रामपाल चौधरी, शिव चौधरी, राजकुमार, नौरंगलाल सारण, दिनेश सैनी, तुलसाराम सारण, मनीराम नायक सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने धरने पर बैठकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग की है।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रतापगढ़ में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### जनजातीय क्षेत्र में प्रत्येक पात्र को योजनाओं से जोड़कर मुख्यधारा में करें शामिल- राज्यपाल

जयपुर टाइम्स




**जयपुर/प्रतापगढ़** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को प्रतापगढ़ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, प्रभावी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बागडे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के जल संरक्षण संरचनाओं जैसे तालाबों, बावड़ियों एवं एनिकटों के निर्माण के निर्देश दिए। राज्यपाल बागडे ने वनाधिकार अधिनियम, जनजाति क्षेत्रीय विकास योजनाओं, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री जन आरोग्य आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सूचकांकों की समीक्षा करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा को जनजातीय कल्याण का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालयों एवं छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित की जाए, साथ ही उनकी कार्यात्मक स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने, कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता मानकों का पालन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधियों से संचालित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## *जैसलमेर में कर्रा रोग नियंत्रण में, बीमार पशुओं के सैंपल लिए गए- पशुपालन मंत्री*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निसं.)** जैसलमेर जिले में कर्रा रोग की स्थिति का आकलन करने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर बीमार पशुओं के सैंपल लिए। प्रारंभिक रिपोर्ट में रोग के लक्षणों में कमी पाई गई है और स्थिति नियंत्रण में बताई गई है। पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि यह टीम जयपुर स्थित पीजीआईवीईआर के वीसीसी इंचार्ज डॉ. सुरेश कुमार झीरवाल के निर्देशन में गठित की गई थी, जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास गालव और डॉ. संदीप कुमार शर्मा शामिल थे। उन्होंने जैसलमेर मुख्यालय व पोकरण तहसील के बड़ोड़ा, रिदवा, बंबारों की ढाणी, आसायच, डाबला, दरबारी, सोरों की ढाणी सहित अनेक गांवों का दौरा कर बीमार पशुओं के नमूने एकत्र किए। मंत्री कुमावत ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर कर्रा रोग के लक्षण बहुत कम मिले हैं, जबकि कुछ पशुओं में पोषण व फास्फोरस की कमी और बैक्टीरियल संक्रमण के लक्षण सामने आए हैं। इन पशुओं का इलाज जारी है। विभाग ने मोबाइल वेटनरी वैन और स्थानीय पशु चिकित्सालयों में मिनरल मिक्सर, एक्टिवेटेड चारकोल पाउडर सहित जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को भी सतर्क और जागरूक रहने को कहा गया है। मृत पशुओं का खुले में निस्तारण नहीं करने और वैज्ञानिक तरीके से दफनाने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि जिले में कुछ समय पहले कर्रा रोग से कुछ पशुओं की मृत्यु हुई थी, जो हर वर्ष होती है, परंतु वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। श्री कुमावत ने कहा कि बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पशुधन की रक्षा के लिए पोषण, देखभाल और उपचार के सभी आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं ताकि किसी प्रकार की आपात स्थिति से बचा जा सके।

## *राजस्थान ड्रग एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड को फिर मिलेगा नया जीवन*

### आरएमएससीएल की एमडी ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप जयपुर स्थित राजस्थान ड्रग एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने इस दिशा में कदम उठाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बुधवार को आरडीपीएल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरडीपीएल के विशेषाधिकारी एवं निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। एमडी ने उत्पादन क्षेत्र, गुणवत्ता नियंत्रण कक्ष, भंडारण व्यवस्था, मुख्य भवन और पूरे परिसर का जायजा लिया। बताया गया कि यह इकाई औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है और इसके पास लगभग 10 एकड़ भूमि है। नेहा गिरि ने परिसर में स्थापित मशीनों, उपकरणों और उनके वर्तमान हालात की स्थिति जानी। उन्होंने आरडीपीएल प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि भवन की दशा, उपकरणों, बकाया देनदारियों सहित सभी आवश्यक जानकारियां शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही उन्होंने वर्ष 2016 में आरडीपीएल में हुई आगजनी की घटना से संबंधित रिपोर्ट भी मंगवाने के निर्देश दिए। एमडी ने निदेशक मंडल के सदस्यों, वर्तमान कर्मचारियों, वित्तीय प्रावधानों और कोर्ट में लंबित मामलों की जानकारी तैयार करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान जल एवं विद्युत आपूर्ति, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन और भंडारण के लिए निर्धारित स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार आरडीपीएल को दोबारा सक्रिय करने को लेकर गंभीर है।

## डायबिटीज रोगियों के लिए बाजरा लाभकारी- कुलपति डॉ बलराज सिंह

### जोबनेर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जोबनेर(निसं.)** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाजरे को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध पौध प्रजनक एवं बाजरा अनुसंधान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. साईं दास रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने उनको पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि बाजरा राजस्थान की कृषि, पोषण व जल संरक्षण का त्रिभुजीय आधार है। यह फसल कम पानी में भी पनपती है और अपने उच्च पोषण मूल्य के कारण विशेषकर मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सरकार के मिलेट मिशन और श्री अन्न अभियान जैसे प्रयास बाजरा को टिकाऊ कृषि का भविष्य बना रहे हैं। उन्होंने डॉ. साईं दास के शोध कार्यों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. दास ने एम.एससी. एवं पीएच.डी. विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें कृषि अनुसंधान, नवाचार एवं कृषि उत्पादों के मूल्यवर्धन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उन्होंने बाजरा की डाउनी मिल्ड्यू रोधी पहली किस्में HB-3 और HB-4 विकसित की थीं, जो आज भी किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। डॉ. दास ने कहा कि, "आज केवल उत्पादन पर्याप्त नहीं है, हमें प्रोसेसिंग व वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान देना होगा। मोटे अनाज जैसे बाजरा व मक्का, यदि उचित रूप से प्रोसेस किए जाएं, तो ये न केवल पोषण का, बल्कि आर्थिक उन्नति का भी सशक्त माध्यम बन सकते हैं।" उन्होंने फ्लेक्स, कुकीज, पास्ता, नूडल्स, स्नैक्स व हेल्थ ड्रिंक्स जैसे उत्पादों के माध्यम से इन फसलों की शहरी बाजारों में मांग बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी सोनू, हिमांशी, प्रिना और प्रियांशु ने डॉ दास से सवाल जवाब पूछे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. डी.के. गोठवाल ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. हिना सहीवाला ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता व संकायाध्यक्ष डॉ. एम.आर. चौधरी, निदेशक अनुसंधान डॉ. शैलेश मार्कर, निदेशक शिक्षा डॉ. आर.एन. शर्मा, डॉ. गजानंद जाट, डॉ. बी.एस. बधाला, डॉ. मनोहर, डॉ. एम.के. मीणा, डॉ वर्षा शर्मा सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे तथा महाविद्यालय के 142 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयपुर टाईम्स

**नरैना(निसं)।** आदर्श विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध समिति उपाध्यक्ष महेंद्र सैनी एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हंसराज स्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शंकर लाल गहनोलिया द्वारा शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राम रतन मालू, चांदमल शर्मा, रमेश मोदानी, अरुण मोदानी, शिब्बू सेन, माया देवी, सुमित्रा देवी आदि उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर की ओर से लायन मास्टर्स शेफ कंपटीशन का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)** लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर की ओर से लायन मास्टर्स शेफ कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें क्लब की मातृशक्ति ने अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। सभी महिला प्रतियोगियों ने बहुत मेहनत के साथ स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर सुंदर तरीके से पेश किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं जज शेफ राजीव शर्मा थे। कार्यक्रम के संयोजक अजय सक्सेना ने बताया की शेफ ने सभी प्रतियोगियों के व्यंजनों का रसास्वादन कर पूनम विकास भाटिया को विजेता घोषित किया। द्वितीय पुरस्कार अंजू प्रकाश जैन को दिया गया। मुख्य अतिथि एवं क्लब की अध्यक्ष ऋचा खेमका ने सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। क्लब की सचिव हेमा पारीक व आरती माहेश्वरी ने मातृशक्ति के इस सुंदर एवं शानदार आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राजस्थान में बदला मौसम: जयपुर में ओले गिरे, जैसलमेर में भीषण गर्मी के बाद राहत

**जयपुर(कासं.)।** गुरुवार को राजस्थान में मौसम ने अचानक करवट ली। राजधानी जयपुर, भीलवाड़ा, जैसलमेर और पाली में आंधी के साथ तेज बारिश हुई, वहीं कई इलाकों में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। जयपुर के विद्याधर नगर और हरमाड़ा क्षेत्र में शाम करीब 7.15 बजे बारिश के साथ ओले गिरे, जिससे लोगों को दिनभर की तेज गर्मी से राहत मिली। जयपुर ग्रामीण के चौमूं क्षेत्र के ईटावा भोपजी गांव में भी ओलावृष्टि हुई। हरमाड़ा में तेज हवा से लोहामंडी की 4ष्ट कॉलोनी की एक बिल्डिंग की छत पर लगा सोलर पैनल गिरकर बिजली के तारों पर जा गिरा, जिससे इलाके की बिजली गुल हो गई। जैसलमेर में दोपहर तक भीषण गर्मी रही और तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक रहा। बाड़मेर में 46.1, चित्तौड़गढ़ में 45, बीकानेर में 44.9 और कोटा में 43.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान 40.8 और न्यूनतम 28.2 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 30 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले दोपहर में आसमान साफ और गर्मी तेज रही, लेकिन शाम होते-होते बदले मौसम ने लोगों को कुछ राहत दी।

# भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता , संस्कृत-संस्कृति के संवर्धक आद्यगुरु शंकराचार्य



सुशील कुमार 'नवीन '



भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अधिष्ठाता, संस्कृत और संस्कृति के संवर्धक राष्ट्रभक्त आद्यगुरु शंकराचार्य की शुक्रवार दो मई को जयंती है। उनका जन्म 788 ईस्वी में वैशाख माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हुआ था। बाल्यकाल में ही उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा को प्रदर्शित कर दिया था। आठ वर्ष की उम्र में ही वे वेदों के ज्ञान में पारंगत हो चुके थे। संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए संपूर्ण भारत की यात्रा कर चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना की। ये पीठ गोवर्धन पुरी (जगन्नाथ पुरी), श्रंगेरी (रामेश्वरम्), शारदा(द्वारिका) और ज्योतिर्मठ (बद्रीनाथ धाम) के नाम से हम सब जानते हैं। अद्वैत वेदांत दर्शन को स्थापित करने के साथ-साथ संस्कृत भाषा और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इनका जन्म स्थान केरल माना जाता है। पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। उनका मूल नाम शंकर था, लेकिन उन्हें श्रीशंकराचार्य के रूप में प्रसिद्धि मिली। पांच वर्ष की उम्र में यज्ञोपवीत संस्कार करवाकर कर उन्हें विद्याध्ययन हेतु भेजा गया। दो वर्ष में ही षडंग सहित वेदों का अध्ययन पूर्ण कर वे घर वापस आ गये। उसी समय उनके अंदर संन्यास लेने की इच्छा प्रबल हो उठी थी, पर माता ने उन्हें इसके लिए स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। शंकर मातृभक्त थे, इसलिए उनकी अनुमति के बिना वे सन्यास नहीं लेना चाहते थे। वो कहते हैं कि जो भाग्य में लिखा गया है वो सही समय पर होकर रहता है। जिस संन्यास के लिए शंकर की माता का स्पष्ट इनकार था, परिस्थिति ऐसी बनी कि उन्हें उसके लिए शंकर को अनुमति देनी पड़ी।

बताते हैं कि एक दिन वे माता के साथ नदी तट पर गये, वहां स्नान करते समय एक ग्राह (मगरमच्छ) ने उनका पैर पकड़ लिया। वह उन्हें पानी में अंदर की तरफ खींचने लगा। ऐसी स्थिति में उनकी माता सहायता के लिये चिल्लाने लगीं। उसी समय उन्होंने माता से कहा ' यदि आप मुझे सन्यास लेने की आज्ञा दें तो यह ग्राह मुझे छोड़ देगा।' पुत्र मोह में माता ने फौरन हां कर दी। विधि का विधान देखिए माता के संन्यास की हामी भरते ही ग्राह ने उनका पैर छोड़ दिया। माता से अनुमति लेकर उन्होंने आठ वर्ष की अवस्था में गृह त्याग दिया। माता ने उनसे यह यह वचन अवश्य लिया कि उनके अंतिम समय में वे अवश्य उपस्थित होंगे।

गृह त्यागने के बाद वे नर्मदा नदी के तट पर स्थित स्वामी गोविन्द भगवत्पाद के आश्रम में पहुंचे और उनसे दीक्षा ग्रहण की। बहुत कम समय में ही उन्होंने गुरू के सानिध्य में ज्ञान प्राप्त लिया। इनकी योग्यता से खुश होकर गुरू ने इन्हें काशी जाने एवं वेदान्त सूत्र पर भाष्य लिखने की आज्ञा दी। काशी आने पर उनकी ख्याति सर्वत्र फैलने लगी। लोग इनका शिष्यत्व ग्रहण करने लगे। इनके सर्वप्रथम शिष्य सनन्दन हुए, जो पद्मपादाचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। बाल्यकाल से ही असाधारण विद्वत्ता को प्राप्त करने वाले शंकर ने भारतीय दर्शन और वेदांत के महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अध्ययन किया। खासकर अद्वैत वेदांत पर उनका विशेष ध्यान रहा। उन्होंने अपने जीवन के दौरान भारत के विभिन्न भागों का भ्रमण कर विविध धार्मिक वाद-विवादों में हिस्सा लिया। उन्होंने वेदांत के सिद्धांतों की व्याख्या की और अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों की टीका तथा व्याख्या की। भारतीय साहित्य और धार्मिक संस्कृति को एक मजबूत आधार प्रदान करने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी मृत्यु के बाद उनके विचार और सिद्धांतों ने भारतीय धार्मिक और दार्शनिक परंपरा पर अत्यंत प्रभाव डाला। उनके द्वारा स्थापित वेदांत के सिद्धांत आज भी विश्वसनीय और महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

उनके द्वारा स्थापित अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों ने भारतीय समाज को एकता और एकात्मता की दिशा में अग्रसर किया। उनके अनुसार जगत में अनंतता की दिशा में सत्य एक है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का आभास होता है। उन्होंने समाज में धार्मिक समरसता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के साथ धर्म, भाषा, और क्षेत्रीय भेदों को दूर करने का भी संदेश दिया। वे सभी भारतीयों को एक सामान्य आधार पर जोड़कर राष्ट्रीय एकता और सहयोग को बढ़ावा देने के पक्षधर थे। अद्वैत वेदांत के सिद्धांतों के माध्यम से विभिन्न धार्मिक और जातिवादी भेदों का खंडन करने में भी वे पीछे नहीं रहे। उनका मुख्य सिद्धांत था कि ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है, और आत्मा ब्रह्म है। उनके द्वारा शिक्षित अनुयायियों ने भी भारतीय समाज में समरसता, सामंजस्य, और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया। उनके विचार और संदेश राष्ट्रीय एकता और समरसता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके द्वारा स्थापित दार्शनिक सिद्धांत ने भारतीय समाज में सामाजिक और राष्ट्रीय एकता की भावना को

# "नेताओं की देशभक्ति की अग्निपरीक्षा, सेना में बेटा भेजो, पेंशन लो!"

**"पेंशन नहीं, पराक्रम दो नेताओं की देशभक्ति का असली टेस्ट"**

देशभक्ति का ज़ोर जब चुनावी भाषणों में सिर चढ़कर बोलने लगे और हर गली-चौराहे पर तिरंगे का रंग दिखने लगे, तब हमें थोड़ा रुककर यह सोचना चाहिए कि यह प्रेम किसके लिए है - देश के लिए या कुर्सी के लिए? क्योंकि जिनके मुँह में हर पल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' है, उनके बच्चे किसी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं, विदेश में नौकरी करते हैं, और कभी गलती से भी सीमा की तरफ नहीं देखते। लेकिन वही नेता, जब जनता से त्याग और बलिदान माँगते हैं, तो आत्मा काँप जाती है।

भारत में एक बार विधायक या सांसद बन जाने का मतलब है - "रिटायरमेंट सेट है भाई!" एक बार कुर्सी मिली, तो ज़िंदगीभर पेंशन, बंगला, सुरक्षा, गाड़ी, ड्राइवर, और 'माननीय' की उपाधि मुफ्त में। चाहे संसद में आपने एक भी सवाल न पूछा हो, चाहे सदन की कार्यवाही में सिर्फ झपकी ली हो, चाहे जनता आपको अगले चुनाव में बाहर का रास्ता दिखा दे - पेंशन मिलती ही मिलती है!

क्या आपने कभी सुना कि एक सैनिक, जो सियाचिन में तैनात था और तीन साल में घर आया, उसे जीवन भर की पेंशन मिल गई हो? नहीं ना? उसे हर सेवा वर्ष का हिसाब देना पड़ता है। उसे शहीद होने पर भी 'मुआवजे' की फाइलें घूमती हैं।

देशभक्ति की बात करते समय नेता अक्सर कहते हैं - "हम तो देश के लिए जान देने को तैयार हैं!" पर यह 'हम' कौन है? उनके बच्चे कहाँ हैं? क्यों नहीं कोई 'माननीय पुत्र' सीमा पर तैनात है? क्यों नहीं कोई 'राजकुमारी' मेडिकल कोर में है? सच्चाई यह है कि ये नेता देशभक्ति को अपनी राजनीतिक दुकान के प्रमोशनल पोस्टर की तरह इस्तेमाल करते हैं, और उनके बच्चे उस दुकान से मुनाफा उठाते हैं।

अगर देश में जनता को मुफ्त राशन के लिए आधार-OTP देना पड़ता है, तो नेता की पेंशन के लिए भी एक शर्त होनी चाहिए - "पेंशन तभी मिलेगी, जब आपके परिवार का कोई सदस्य सेना में सेवा देगा।"

**कल्पना कीजिए क्या दृश्य होगा**

एक विधायक के बेटे की यूनिफॉर्म की पहली प्रेस हो रही है, एक सांसद की बेटी बूट पहन रही है, एक मंत्री का पोता हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहा है। क्या तब उनके बयानों में सच्ची देशभक्ति नहीं दिखेगी?

> भारत में एक बार विधायक या सांसद बन जाना आजीवन पेंशन की गारंटी बन चुका है, चाहे उनका संसदीय रिकॉर्ड शून्य क्यों न हो। वहीं, सीमाओं पर तैनात सैनिक हर रोज़ जान जोखिम में डालते हैं, लेकिन उनके परिवारों को न्यूनतम सुविधाएं भी संघर्ष से मिलती हैं। सवाल उठता है - क्या नेताओं की देशभक्ति सिर्फ भाषणों और नारों तक सीमित है? क्यों नहीं उनके बेटे-बेटियां सेना में भर्ती होते? अगर आम जनता अपने बच्चों को देश सेवा के लिए भेज सकती है, तो नेता सिर्फ %वोट% नहीं, %बलिदान% भी दें। वक्त आ गया है कि नेताओं की पेंशन को सेना सेवा से जोड़ा जाए - ताकि देशभक्ति सिर्फ मंच की बातें न रह जाए, बल्कि जीने का सच्चा प्रमाण बने।
>
> डॉ. सत्यवान सौरभ

देश की सबसे कठिन सेवा - सेना की सेवा - को गरीब, मध्यम वर्ग के बच्चे निभाते हैं। वो जिनके पास न जुगाड़ है, न सुरक्षा। वो भर्ती में दौड़ते हैं, दौड़ते हुए मर भी जाते हैं। कोई कैमरा नहीं आता, कोई चैनल ब्रेकिंग न्यूज़ नहीं दिखाता। दूसरी ओर नेता के बच्चे अगर विदेश में शराब पीते पकड़े जाएं, तो भी नेता कहता है - "बेटा थोड़ा भटक गया, अब अमेरिका भेज रहे हैं पढ़ने।" भाई, अगर 'भटकने' की सजा विदेश है, तो 'सीधे' लोगों को सजा क्यों?

हर बार चुनाव के समय सेना की तस्वीरें, सैनिकों की कहानियाँ, शौर्य गाथाएं पोस्टरों पर होती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक का श्रेय लेने में हर दल आगे है, लेकिन उस ऑपरेशन में जान गंवाने वाले सैनिक का नाम किसी को याद नहीं। नेताओं को सेना सिर्फ इमोशनल वोट बैंक लगती है - जब ज़रूरत हो, तो उनकी वर्दी का इस्तेमाल करो, जब चुनाव जीत जाओ, तो उनका हाल पूछना भी गुनाह मानो।

अगर सच में ये देशभक्ति दिल से है, तो नेताओं को पेंशन की जगह एक प्रमाण पत्र देना चाहिए कि उनके परिवार से कोई सदस्य सेना में सेवा दे रहा है या दे चुका है। ये एक नया कानून होना चाहिए - सिर्फ पेंशन के हक के लिए नहीं, बल्कि असली देशप्रेम का सबूत देने के लिए।

एक बार एक नेता जी भाषण दे रहे थे - "अगर पाकिस्तान आँख उठाएगा, तो हम आँख निकाल लेंगे!"

एक नौजवान खड़ा हुआ और बोला - "आपका बेटा कौन-सी यूनिट में है साहब?"

नेता जी मुस्कराए - "वो तो इंजीनियरिंग कर रहा है, विदेश जाना है उसे..."

जनता हँसी नहीं, रोई। क्योंकि देशभक्ति अब सिर्फ 'नारा' बन गई है, 'नियति' नहीं।

देशभक्ति अगर सिर्फ भाषणों तक सीमित रह जाए, तो वह 'वोटबैंक की दुकान' बन जाती है। जब तक नेता और उनका परिवार उस देशभक्ति को जीते नहीं, तब तक हमें उनके भाषणों पर तालियाँ नहीं, सवाल उठाने चाहिए। नेताओं को पेंशन से ज्यादा जिम्मेदारी चाहिए, और उनके बच्चों को भाषण से ज्यादा बूट। देश को सिर्फ जनता नहीं, नेता भी बराबर दें - त्याग, परिश्रम और बलिदान।

देशभक्ति भाषणों से नहीं, भागीदारी से साबित होती है।

जब तक नेताओं के बच्चे सेना की वर्दी नहीं पहनते, तब तक उनके 'बलिदान' के बोल खोखले लगते हैं। पेंशन कोई सम्मान नहीं, एक ज़िम्मेदारी होनी चाहिए - जो तभी मिले, जब परिवार भी राष्ट्र सेवा में उतरे। आम नागरिक के टैक्स पर ऐश करना बंद हो, अब बारी है नेता भी हिस्सा लें - सरहद पर, ज़मीन पर, और ज़िम्मेदारी में। वर्ना जनता सिर्फ सुनती रहेगी, और देश सेवा का बोझ उठाते रहेंगे वही, जिनके पास न ताक़त है, न पहचान - सिर्फ जुनून है।

# पत्रकारिताः चुनौती एवं भविष्य



विजय गर्ग

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मलोट पंजाब

हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर यदि सामाजिक सरोकार रखने वाली निष्पक्ष पत्रकारिता तथा पीत पत्रकारिता के बारे में बात न हो,तो हिंदी पत्रकारिता दिवस की महत्वत्ता का आंकलन नही किया जा सकता। वर्तमान परिदृश्य में पीत पत्रकारिता की प्रबलता और स्वार्थसाधनी राजनीति निजी महत्वकांक्षा के चलते पत्रकारिता मिशन न रहकर व्यवसाय बन चुका है। स्वतंत्रता संग्राम की ध्वजावाहक रही हिंदी पत्रकारिता वर्तमान समय में अपना अस्तित्व खोने लगी है और यही कारण है कि हमें केवल हर वर्ष 30 मई के दिन ही हिंदी पत्रकारिता का महत्व पता चलता है। हिंदी पत्रकारिता दिवस को मनाने की सार्थकता,हिंदी पत्रकारिता को समझने और मानने से सिद्ध हो सकती है। वर्तमान परिदृश्य में जहाँ अंग्रेजी बोलना व पढना प्रतिष्ठा प्रतिक समझा जाने लगा है वहीं एक समय में हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम में ध्वजवाहक का कार्य किया था। देश की कुल आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा आज भी हिंदी समाचार पत्र पढ़ता है परंतु दुर्भाग्य की बात यह है कि अंग्रेजी अखबार में छपने वाली खबर की प्रमाणिकता हिंदी समाचारपत्र की अपेक्षा अधिक मानी जाने लगी है। हालांकि आधुनिकता की दौड़ में हिंदी पत्रकारिता की प्राथमिकता कदाचित न हो परन्तु प्रजाति कदापि नहीं है। हिंदी माध्यम से जुड़े समाचारपत्रों और डिजिटल माध्यमों में अब हिंग्लिश का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके चलते इस आधुनिक दौर में हिंदी पत्रकारिता को बचाए रखने और पाठकों को हिंदी समाचार पत्रों के साथ जोड़े रखने के लिए अत्यधिक संघर्ष किया जा रहा है। पंडित जुगल किशोर और राजा राममोहन राय की ओर से सामाजिक सरोकार और निष्पक्ष पत्रकारिता का यह मिशन मूल उद्देश्य से अनिभिज्ञ दिखाई दे रहा है और यह सम्पूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। वर्तमान परिदृश्य में पत्रकारिता का स्वरूप एवं उसका महत्व बदल गया है। राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते सूचना देने वाले विभिन्न माध्यमों में सामाजिक सरोकार की खबरें लगातार कम होती जा रही हैं। खबरों में सनसनी परोसना और टीवी चैनलों की दिशाहीन डिबेट की होड़ में प्रिंट मीडिया तथा विशेष रूप से हिन्दी पत्रकारिता को अस्तित्व की लड़ाई लडऩी पड़ रही है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर समाचार पत्र के संपादकीय पृष्ठ की बात न करना न्यायसंगत नही होगा। एक समय था,जब किसी भी समाचार पत्र में संपादकीय उस समाचार पत्र आधार माना जाता था परंतु जब से पत्रकारिता की बागडोर बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों के मालिकों के हाथों में गई है, तब से पत्रकारिता धीरे-धीरे सामाजिक सरोकार से दूर होते हुए एक व्यवसाय बनने की ओर अग्रसर हो चुकी है। हिन्दी शब्द से ही अपनत्व का भाव झलकता है। हिंदी हमारी मातृभाषा है मातृ अर्थात माँ के समान। जिस प्रकार एक मनुष्य की भावनाएं माँ से जुड़ी होती है और माँ से अपना दुख व सुख सरल रूप से व्यक्त कर सकते हैं ठीक उसी प्रकार हिंदी के माध्यम से हम अपनी हर वो बात प्रतियेक भारतीय से सांझा कर सकते हैं जो कदाचित किसी और भाषा में करना संभव न हो। हिंदी पत्रकारिता का प्रारंभ भी देश,समाज और व्यक्तिविशेष की भावनाओं व अपेक्षाओं को सांझा करने के लिए ही हुआ था। हिंदी पत्रकारिता दिवस प्रति वर्ष 30 मई को मनाया जाता है 30 मई 1826 को हिंदी भाषीय समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड"साप्ताहिक पत्र पंडित जुगल किशोर शुक्ल के द्वारा कलकत्ता से शुरू किया गया था और तब से इस तिथि को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में विदित किया जाता है। निष्पक्ष पत्रकारिता करने वाले पत्रकार आज भी उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। पंडित जुगल किशोर शुक्ल जी इस साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक व प्रकाशक स्वंम ही थे, पंडित जी का हिंदी पत्रकारिता जगत में विशेष सम्मान है। पेशे से अधिवक्ता जुगल किशोर जी मूल रूप से कानपुर के रहने वाले थे परन्तु उन्होंने उस समय औपनिवेशिक ब्रिटिश भारत में कलकत्ता को अपनी कर्मस्थली के रूप में चुना था। दरअसल उन्होंने यह समाचार पत्र व्यवसाय की दृष्टि से नही अपितु तत्कालीन अग्रेजी हकूमत के विरुद्ध, कलम का युद्ध आरम्भ किया था। दुर्भाग्यवश इस समाचारपत्र की केवल 79 अंक ही प्रकाशित हो पाए और आर्थिक अभाव के चलते 1827 में यह समाचार पत्र बंद भी हो गया किंतु हिंदी पत्रकारिता को हथियार बनाकर स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बज चुका था। आज यदि हम हिंदी पत्रकारिता के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहे हैं तो हमें यह भी अवश्य जानना चाहिए कि1826 से लेकर 2023 तक के इस सफर में पत्रकारिता जगत और एक पत्रकार की कार्यशैली में क्या क्या परिवर्तन आया है! प्रारंभ से लेकर वर्तमान सफर की यात्रा के दृष्टिगत हिंदी पत्रकारिता का संघर्ष आज भी जारी है। स्वाधीनता की अपेक्षाओं के गर्भ से उत्पन्न हुई हिंदी पत्रकारिता आज उपेक्षाओं का शिकार होने लगी है और इसका मुख्य कारण मिशन से व्यवसाय में परिवर्तित होना है। निष्पक्ष पत्रकारिता अप्रत्यक्ष रूप से निजी स्वार्थों की पूर्ति के साधन बन चुका है। हिंदी पत्रकारिता का मूल उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था वास्तविक स्वरूप उजागर करने के साथ साथ सामाजिक सरोकार भी है किंतु वर्तमान परिस्थितियों में पत्रकारिता व पत्रकार अपने मूल उद्देश्य से भटक रहे हैं। पत्रकारिता का यह स्वरूप दिल्ली से देहात तक की वर्तमान पत्रकारिता में देखा जा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पत्रकारिता को हम व्ययसाय न बना कर एक विधा के रूप में सम्पूर्ण विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास करें। सूचना एकत्रित करना केवल मात्र पत्रकारिता का उद्देश्य नही है बल्कि समाज से पहले ज्ञान और विविध प्रकार की जानकारियां हासिल करके समाज को शिक्षित करने और उचित मार्ग निर्देशन की विधा ही हिंदी पत्रकारिता का सही स्वरूप है। समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अशिक्षा, धार्मिक उन्माद, दंगा फसाद, रिश्वतखोरी, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मुखर होना हिन्दी पत्रकारिता का एकमात्र उद्देश्य होना चाहिए। जिस दौरान हिंदी पत्रकारिता का उदय हुआ उस समय समाज में राष्ट्रीय चेतना की आवश्यकता थी समाज मे देशप्रेम की भावना जागृत करने में पत्रकारिता का अतुल्य योगदान रहा है। हिंदी पत्रकारिता की शुरूआत हिंदुस्तानियों के हित के हेत उद्देश्य से हुई थी उसी उद्देश्य की पूर्ति हेतू वर्तमान के परिदृश्य में भी हिंदी पत्रकारिता भीष्मपितामह की भूमिका निभा रही है। आधुनिकता की प्रतिस्पर्धा के दौर में भी हिंदी पत्रकारिता स्वंम के अस्तित्व को बचाए रखने में सक्षम दिखाई दे रही है और यह हिंदी पत्रकारिता से जुड़े लोगों के लिए गर्व की बात है। सर्वेक्षण के अनुसार देश में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या अन्य भाषाओं के समाचार पत्रों के तुलनात्मक हिंदी समाचार पत्रो की पंजीकृत संख्या सबसे अधिक होना, हिन्दी पत्रकारिता की सफलता व सार्थकता का जीवंत प्रमाण माना जा सकता है परन्तु इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि हिन्दी पत्रकारिता के अस्तित्व के लिए कार्य करने की आवश्यकता नहीं है अपितु हिंदी पत्रकारिता को और अधिक प्रखर व सशक्त बनाने के लिए पत्रकार जगत में कार्य कर रहे लोगों को आगे आना होगा। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में पत्रकार जगत से जुड़े महानुभावों को यह प्रण लेना होगा कि जिस प्रकार स्वतंत्रता संग्राम में स्वाधीनता के उद्देश्य से हिन्दी पत्रकारिता का प्रारंभ हुआ था,इसी प्रकार वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सच्चाई से ओतप्रोत, निर्भिक, निस्वार्थ भाव की पत्रकारिता करके स्वस्थ व सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का सकारात्मक प्रयास करें तदुपरांत ही आज के दिवस अर्थात हिंदी पत्रकारिता दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

# युवा देश के नौजवानों से आएगी विकास की वैचारिक की क्रांति



3संजीव ठाकुर,

स्तंभकार, चिंतक, विश्व रिकॉर्ड धारक लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूंघ

स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंघ और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैघ स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीघ स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। पेरिस ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने सिल्वर, मनु भाकर ने दो ब्रांज और विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन को हराकर भारत के युवा लोगों का दिशा दर्शन किया है। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि

देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,
नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था"

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,

युग का युवा मत देख दाएं बाएं,
झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,
देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,
सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि

खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।



## रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म करना चाहते हैं बाबिल, अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रहे इरफान खान के बेटे बाबिल खान भी धीरे-धीरे अपने प्रोजेक्ट्स के जरिए बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में बाबिल ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'लॉगआउट' में नजर आए थे। इसमें उन्होंने एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की भूमिका निभाई थी। अब बाबिल ने अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने ये भी बताया है कि वो किस तरह की फिल्म करना चाहते हैं।

**अब रॉम-कॉम में नजर आएंगे बाबिल**

हाल ही में 'फिल्मीबीट' के साथ बातचीत में बाबिल ने अपने आगामी प्रोजेक्ट और निजी जिंदगी में रोमांस को लेकर बात की। बाबिल ने बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट एक रोमांटिक शो है। उन्होंने कहा, रोमांटिक कॉमेडी जॉनर में मेरी गहरी दिलचस्पी है। मैं वास्तव में रोमांटिक-कॉमेडी करना चाहता हूं। मैं अब एक रॉम-कॉम पर काम कर रहा हूं। हालांकि, बाबिल ने अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में कोई ज्यादा जानकारी नहीं दी। लेकिन इतना तय है कि उनका अगला प्रोजेक्ट एक रॉम-कॉम है।

**फोन में नहीं हैं बाबिल के कोई सीक्रेट**

इस बातचीत के दौरान बाबिल ने अपने रियल लाइफ प्यार और अपने जीवन के सीक्रेट्स को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि मेरे सीक्रेट्स मेरे फोन पर नहीं हैं। मेरे सारे सीक्रेट मेरे दिल में हैं। अगर मेरा दिल चुरा लिया जाता है, जो आमतौर पर होता है। तो सारे सीक्रेट जाने जा सकते हैं।

**अलग-अलग किरदार निभा रहे बाबिल**

बाबिल ने अभी इंडस्ट्री में ज्यादा काम नहीं किया है। लेकिन अपने छोटे से करियर में ही वो अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभा रहे हैं। बाबिल चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना चाहते हैं। जो उनकी फिल्मोग्राफी में देखने को भी मिलता है। जिसमें 'कला' से लेकर 'द रेलवे मैन' और 'लॉगआउट' जैसे अलग-अलग किरदार शामिल हैं।



## किन-किन किरदारों में टीवी और फिल्मों में अब तक नजर आईं मौनी रॉय, अब भूतनी बन डराएंगी अभिनेत्री

**इन दिनों मौनी रॉय अपनी आगामी भूतिया फिल्म द भूतनी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। मौनी ने अपनी शानदार एक्टिंग और स्टाइल से दर्शकों का दिल जीता है। अब मौनी फिल्म द भूतनी में भूतनी बनकर डराने वाली ह। इस फिल्म से पहले किन-किन किरदारों से मौनी ने जीता फैंस का दिल....**

### मौनी के किरदार

मौनी रॉय ने टीवी और फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए, चाहे वह पौराणिक सती हो, थ्रिलर नागिन, रोमांटिक हीरोइन, या फिर निगेटिव रोल। आज मौनी न सिर्फ अपनी एक्टिंग, बल्कि अपने स्टाइल और डांस के लिए भी जानी जाती हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'द भूतनी' का भी फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

देवों के देव महादेव से घर-घर में पहचानी गईं मौनी

मौनी ने 2007 में एकता कपूर के मशहूर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से अपने करियर की शुरुआत की। इसमें उन्होंने कृष्णा तुलसी का किरदार निभाया, जो दर्शकों को खूब पसंद आया। मौनी को असली पहचान 2011 में 'देवों के देव महादेव' से मिली, जिसमें उन्होंने सती का पौराणिक किरदार निभाया। यह किरदार इतना लोकप्रिय हुआ कि मौनी घर-घर में मशहूर हो गईं।

### नागिन सीरियल से मिली पहचान

2015-2016 में 'नागिन' सीरियल में मौनी ने शिवन्या और शिवांगी की दोहरी भूमिका निभाई। इस थ्रिलर ड्रामे में उनकी नागिन की भूमिका को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया, और यह शो टीआरपी में टॉप पर रहा।

### फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में जुनून के किरदार से मिली प्रसिद्धि


2022 में 'ब्रह्मास्त्र' में मौनी ने पहली बार निगेटिव किरदार जुनून का रोल निभाया। इस किरदार को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और उनकी वर्सेटिलिटी की तारीफ हुई। मौनी ने 'तुम बिन 2' और KGF: चैप्टर 1' में आइटम नंबर भी किए, जो काफी चर्चित रहे।

### द भूतनी

द भूतनी एक आगामी हॉरर फिल्म है। जिसे सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट और संजय दत्त ने किया है। फिल्म में मौनी रॉय के अलावा संजय दत्त, सनी सिंह और पलक तिवारी नजर आएंगी। यह फिल्म पहले 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म को 1 मई, 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म का नाम द वर्जिन ट्री रखा गया था, लेकिन अब फिल्म का नाम द भूतनी है।



## मोहित सूरी की 'सैयारा' में चंकी पांडे के भतीजे के साथ आएंगी नजर



मंगलवार को मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' के रिलीज डेट और इसके लीड एक्टर्स की आधिकारिक घोषणा हुई। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड भूमिका में नजर आएंगे। सभी की निगाहें अहान और अनीत पर टिकी हैं। जानते हैं आखिर कौन हैं अनीत पड्डा?

**कहां से की अभिनय की शुरुआत?**

अनीत पड्डा ने काजोल, विशाल जेठवा और प्रियामणि की 'सलाम वेंकी' से अपने अभिनय की शुरुआत की। साल 2022 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में अनीत ने नंदिनी की भूमिका निभाई थी। साल 2024 में, उन्होंने नित्या मेहरा की वेब सीरीज बिग 'गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, जहां उन्होंने रूही आहूजा की भूमिका निभाई।

**सोशल मीडिया पर मौजूदगी**

22 साल की अनीत सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहती हैं। हालांकि, वह अपने काम से जुड़े अपडेट लगातार साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 36.3K फॉलोअर्स हैं।


**कब रिलीज होगी 'सैयारा'?**

मोहित सूरी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' को लेकर काफी लंबे समय से चर्चा चल रही थी। फिल्म के लीड एक्टर को लेकर तरह-तरह की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी बहुत कम अपडेट सामने आई थी। 22 अप्रैल को इसके निर्माताओं ने मुख्य इसके रिलीज की घोषणा की। रोमांटिक फिल्में पसंद करने वालों को इसके लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। फिल्म 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आशिकी 2, हमारी अधूरी कहानी और हाफ गर्लफ्रेंड जैसी रोमांटिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आखिरी बार उन्होंने 'एक विलेन रिटर्न्स' का निर्देशन किया था।

## आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में नजर आएंगे विक्रांत मैसी

एक्टर विक्रांत मैसी जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। अपनी नई फिल्म में वो आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म व्हाइट एक ग्लोबल थ्रिलर होगी, जो कोलंबिया 52 साल लंबे चले खूनी गृहयुद्ध को दिखाई। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे श्री रविशंकर ने उसे सुलझाया था। फिलहाल कोलंबिया में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जोरों से चल रहा है। इसी साल जुलाई से इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। व्हाइट को जानेमाने ऐड फिल्ममेकर मंटू बासी डायरेक्टर करेंगे। फिल्म को पठान, वार जैसी फिल्म बनाने वाले सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स के साथ मिलकर बनाएंगे। खबरों की मानें तो श्री रविशंकर के रोल के लिए विक्रांत ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। श्री रविशंकर की तरह दिखने के लिए एक्टर ने अपने वजन और बालों को बढ़ाया है। इसके अलावा वो आध्यात्मिक गुरु की बॉडी लैंग्वेज जानने के लिए उनसे से मिले थे और उनके वीडियो देखते हैं। बता दें कि 12वी फेल और द साबरमती रिपोर्ट जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके एक्टर विक्रांत मैसी ने पिछले साल दिसंबर में एक्टिंग से ब्रेक लेने का ऐलान किया था। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी थी। एक्टर ने अपने पोस्ट में लिखा था अब घर वापस जाने का समय आ गया है।


विक्रांत ने अपनी पोस्ट में लिखा है, हैलो, पिछले कुछ साल और उसके बाद के साल शानदार रहे हैं। मैं आपके लगातार समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद करता हूं, लेकिन जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता हूं, मुझे यह एहसास हुआ है कि अब खुद को फिर से संतुलित करने और घर वापस जाने का समय आ गया है। एक पति, पिता, बेटे और अभिनेता के रूप में भी, तो 2025 में हम आखिरी बार एक-दूसरे से मिलेंगे। हालांकि 24 घंटे के अंदर ही उन्होंने एक्टिंग छोड़ने की अटकलों को खारिज कर दिया था।



## हिट 3 के अमेरिका प्रीमियर में शामिल होंगी श्रीनिधि शेट्टी

नानी की बहुप्रतीक्षित फिल्म हिट 3 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसका फैंस को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म भारत में एक मई को रिलीज होगी। वहीं, अमेरिका में इसे 30 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। फिल्म के निर्माता और कलाकार फिल्म के प्रमोशन में जोरों शोरों से लगे हुए हैं। 123 तेलुगु की रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी बहुत जल्द अमेरिका के लिए रवाना होंगी। रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री 30 अप्रैल को अमेरिका के टेक्सास में सिनेमार्क वेस्ट प्लानो सिनेमा के ऑडी 10 में दोपहर 1.30 बजे फिल्म का शो देखेंगी। अमेरिका में फिल्म की एडवांस्ड बुकिंग शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि हिट 3 ने उत्तरी अमेरिका में 175K डॉलर की टिकट बिक्री कर ली है। 'हिट 3' का निर्देशन सैलेश कोलानू द्वारा किया गया है, जिसमें साउथ सुपरस्टार नानी मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ श्रीनीधि शेट्टी भी हैं।





## एक कॉमेंट के कारण 1 सेकंड में सब खत्म हो जाता है

इमरान हाशमी ने बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के प्रदर्शन, सोशल मीडिया के प्रभाव और व्यक्तिगत जीवन पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि सिनेमा में दर्शकों की पसंद बदल रही है और फिल्म निर्माताओं को संस्कृति से जुड़ी कहानियों पर ध्यान देना चाहिए। सोशल मीडिया पर संवेदनशीलता को देखते हुए, वे सतर्क रहते हैं।

**छावा को अपवाद मान लिया जाए तो दिग्गज स्टार्स भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा नहीं दिखा पाए। इसकी वजह क्या है? ऐसे में इस बार लोगों को आपसे बहुत उम्मीद है?**

दर्शकों की उम्मीद जायज है मगर हर फिल्म की रिलीज से पहले नर्वसनेस तो होती ही है। ये आज से नहीं है, ये तो 2003 से हैं, जब मैंने अपनी पहली फिल्म फुटपाथ की थी। मगर अब सिनेमा बहुत टेस्टिंग हो गया है। ओटीटी आ गया है, लोगों के पास फोन है और एक अलग तरह का डिस्ट्रैक्शन है। फिर जिस तरह की फिल्में हमारे यहां बन रही हैं, वे विषय हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ी हुई नहीं हैं, तो ये सच है कि हम इस चीज से जूझ रहे हैं। मैं दुआ करता हूं कि हम जल्द से जल्द इस चीज से उबरें। मगर इतना जरूर कहूंगा कि हम लगातार मेहनत करें और अच्छी फिल्में बनाने की कोशिश करें। वैसे तो हर फिल्मकार एक अच्छी नियत से फिल्म बनाता है। कोई भी अपनी फिल्म का कचरा तो नहीं करना चाहता। मगर ऑडियंस की नब्ज पकड़ना आसान नहीं होता। सिनेमा हॉल में जाने के बाद फिल्म दर्शक की हो जाती है।

**आपने जब शुरुआत की थी, तब सोशल मीडिया इतना ज्यादा एक्टिव नहीं था। मगर आज आपकी हर हरकत पर नजर रहती है, तो क्या आप अपने सोशल मीडिया को लेकर अलर्ट रहते हैं?**

इसलिए तो मैं इतना ज्यादा ट्वीट नहीं करता। (मुस्कुराते हैं) मुझे तो लगता है कि आजकल बहुत ही संवेदनशील माहौल हो गया है। आज हर किसी के पास अपनी राय रखने का एक जरिया है। समझ में नहीं आता कि लोग ज्यादा सेंसेटिव हो गए हैं या फिर बहुत जल्दी नाराज होने लगे हैं। कोई भी किसी भी बात पर बुरा मान सकता है, तो बहुत ही न्यूट्रल ढंग से चीजों को कहना पड़ता है। पॉलिटिकल, रिलीजियस या फिर निजी भावनाएं हों, कोई भी आहत हो सकता है, तो फिर उस स्पेस में जाने से बचना पड़ता है। आप अगर इसमें से कुछ भी व्यक्त करते हैं, तो आप पर उसकी उल्टी प्रतिक्रिया हो सकती है। एक बैशिंग और एग्रेसिव कैंसल कल्चर भी शुरू हो गया है, जिसके चलते एक कमेंट के कारण आपने इतने सालों में जो कुछ बनाया है, उसे नेस्तनाबूत किया जा सकता है। सब खत्म किया जा सकता है। फिर उसके बाद आपके लिए वापसी का रास्ता नहीं बचता। यह कुछ सेकंड्स में सब जगह फैल जाता है और आप फिनिश हो जाते हो, तो आपको बहुत अलर्ट रहना पड़ता है।

**क्या यही कारण है कि आप अपनी पत्नी (परवीन शहानी) और बेटे (अयान) को सोशल मीडिया से दूर रखते हैं?**

वे तो खुद सोशल मीडिया पर आना नहीं चाहते और मेरी पहली फिल्म से मेरी पत्नी लाइमलाइट से दूर रही हैं। मेरी पत्नी चूंकि इस इंडस्ट्री से नहीं हैं तो वे नहीं चाहती कि लोग उन्हें सार्वजनिक रूप से पहचानें। इन सब चीजों से दूर रहकर वे अपनी आजादी का आनंद लेती हैं। कुछ महीनों पहले वे कुछ खरीददारी कर रही थीं तो लोगों ने उन्हें पहचान लिया और ये बात उनको बिलकुल भी अच्छी नहीं लगी। वे इन चीजों के लिए नहीं बनी हैं। वे आर्टिस्ट नहीं हैं। उनकी इस बात की मैं बहुत इज्जत करता हूं। जहां तक बेटे की बात है, वह कॉलेज में है और मीडिया या सोशल मीडिया पर उसका इतना ध्यान नहीं है। वह अपनी पढ़ाई पर फोकस कर रहे हैं और इससे डिस्कनेक्टेड हैं, जो अच्छा ही है। मुझे अपने घर में ऐसा माहौल नहीं चाहिए कि घर के नीचे पपाराजी खड़े हों। यह बहुत आर्टिफिशियल लगता है। हम लोग इसे अपनी लाइफस्टाइल में शामिल नहीं करते।

**सभी जानते हैं कि आप एक फाइटर पिता रहे हैं। बेटे अयान को कैंसर होने पर आपने भी एक जंग लड़ी, अब पलटकर देखने पर सबसे ज्यादा स्ट्रेंथ क्या लगती है?**

मैं इसके लिए ज्यादा क्रेडिट नहीं लेना चाहूंगा क्योंकि हर मां-बाप का यही फर्ज होता है। यह जंग तो लड़नी ही थी। हम सभी में वह हिम्मत होती है कि उस जंग से पार पाना है। मैं आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मैं ही नहीं मेरी बीवी भी यही सोचती है कि हमने उन हालात में हिम्मत कैसे बटोरी। मगर मैं क्या हर पैरंट यही करेगा। आपके सामने जब ऐसे हालत होते हैं, तो उसका सामना करने के साथ-साथ उम्मीद रखना जरूरी होता है।

**क्या आप आज भी सीरियल किसर की इमेज से जूझ रहे हैं क्योंकि आप बीते सालों में चीट इंडिया, चेहरे और बार्ड ऑफ ब्लड के बाद ग्राउंड ज़ीरो जैसा गंभीर और अर्थपूर्ण विषय कर रहे हैं?**

कितना खुश था मैं कि आपने मुझे सीरियल किलर (टाइगर 3) बना दिया। आपने कुछ तो अलग बोला। मैंने कभी किसी एक इमेज को नहीं भुनाया। मैंने काफी अलग-अलग तरह की फिल्में कीं, मगर वह सीरियल किसर वाली एक इमेज थी, जिसे हम परोस रहे थे। वह इमेज ऑडियंस की नजर में बन गई थी। मगर मैंने हमेशा विविधरंगी भूमिकाएं करने की कोशिश की। मेरे जो फैंस हैं, उन्होंने मेरे अलग तरह के काम को मान्यता भी दी है। मुझे आज भी सीरियल किसर कहने वाले शायद वह लोग हैं, जिन्होंने मेरे एक्सपिरिमेंटल रोल्स नहीं देखे। मेरी वह छवि तो काफी पहले टूट गई थी। अदाकार के रूप में मैं बहुत अलग-अलग फिल्में करना चाहता हूं और ग्राउंड ज़ीरो भी एक अलग किस्म की फिल्म है।

# कल्याण ज्वेलर्स और इन्स्टामार्ट की साझेदारी अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी के सिक्के आपके पास समय पर पहुंचाएगी

कल्याण ज्वेलर्स का इन्स्टामार्ट में पहला कदम, अब क्विक कॉमर्स में पूरे साल भर होगी सोना और चांदी की खरीदारी

**राष्ट्रीय,** भारत का मशहूर क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, इन्स्टामार्ट ने भारत के सबसे भरोसेमंद और शानदार ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, कल्याण ज्वेलर्स के साथ साझेदारी की है। कल्याण ज्वेलर्स ने क्विक कॉमर्स में पहली बार कदम रखे हैं। अक्षय तृतीया का पावन पर्व आ रहा है, बहुत ही सही समय पर की गयी इस साझेदारी की बदौलत ग्राहकों को मिलेगी सुविधा, सीधे इन्स्टामार्ट पर सोने और चांदी के सर्टिफाइड सिक्के खरीदने की, इतनाही नहीं, उनका ऑर्डर बस कुछ मिनटों में उनके घर पर डिलीवर भी कर दिया जाएगा। देश भर के महानगरों सहित कुल 100 शहरों के इन्स्टामार्ट यूज़र्स इस सेवा का लाभ उठा पाएंगे।

25 एप्रिल से सभी शहरों के उपभोक्ता इन्स्टामार्ट पर खरीद सकेंगे सोने और चांदी के सर्टिफाइड सिक्के। त्योहारों के लिए ऐन मौके पर खरीदारी करना इससे ज़्यादा आसान पहले कभी नहीं था। इस एक्सक्लूसिव रेन्ज में हैं -

सोने के सिक्के - 0.5 और 1 ग्राम (24 कैरेट, बीआईएस हॉलमार्क), जिन पर फूल, अयोध्या, श्रीगणेश भगवान, स्वस्तिक और देवी श्री लक्ष्मी जैसे चित्र बने हैं।

चांदी के सिक्के - 5, 10 और 20 ग्राम (999 शुद्ध चांदी, सर्टिफाइड), जिन पर श्रीगणेश भगवान, देवी श्री लक्ष्मी, श्री गणेश लक्ष्मी आदि चित्र बने हैं।

उपहार देने के लिए हो, आध्यात्मिक अनुष्ठानों के लिए हो या आपके अपने निवेश के लिए हो, ये सिक्के समृद्धि और शुभ प्रारंभ के प्रतीक हैं, और अक्षय तृतीया की भावना के अनुरूप हैं। लेकिन इस लॉन्च को वास्तव में खास बनाने वाली बात यह है कि यह सिर्फ़ त्योहारों तक ही नहीं है। अक्षय तृतीया के बाद भी, कल्याण ज्वेलर्स के सोने और चांदी के सिक्के इन्स्टामार्ट पर उपलब्ध रहेंगे। उपभोक्ताओं को घर बैठे, कुछ उँगलियों को घुमाकर कीमती सोने और चांदी के सिक्कों की भरोसेमंद, गुणवत्ता-सुनिश्चित खरीदारी करने का मौका आगे भी मिलता रहेगा।

इन्स्टामार्ट के सीईओ श्री अमितेश झा ने कहा, "अक्षय तृतीया से ठीक पहले हमारे प्लेटफॉर्म पर कल्याण ज्वेलर्स का स्वागत करते हुए हम बहुत खुश हैं। त्योहारों और पारंपरिक खरीदारी के लिए क्विक कॉमर्स की सुविधा को अपनाने वाले अधिक से अधिक ग्राहकों के साथ, यह साझेदारी समय पर और प्रासंगिक दोनों है। किराने का सामान या अन्य घरेलू खरीदारी की तरह ही सोने और चांदी के सिक्कों जैसे भरोसेमंद, प्रमाणित उत्पादों की खरीदारी उपभोक्ता बहुत ही आसानी से कर सकें यह हमारा लक्ष्य है।"

इस नयी पेशकश के साथ, इन्स्टामार्ट न केवल किराने का सामान, बल्कि खुशी, उत्सव और पारंपरिक अवसरों की ज़रूरत की चीज़ों को तुरंत डिलीवर करने के लिए मशहूर डेस्टिनेशन के रूप में अपने स्थान को और भी मज़बूत कर रहा है।

साझेदारी के बारे में बात करते हुए, कल्याण ज्वेलर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, "अक्षय तृतीया एक प्राचीन परंपरा है, इस पावन दिन सोना या चांदी खरीदना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। स्विगी के क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, इन्स्टामार्ट के साथ हमारे सहयोग के माध्यम से, हम कल्याण के सोने और चांदी के सिक्के खरीदना पहले से कहीं अधिक आसान बना रहे हैं। हमारी पेशकश में 0.5 ग्राम और 1 ग्राम के सोने के सिक्के, साथ ही 5 ग्राम, 10 ग्राम और 20 ग्राम के चांदी के सिक्के शामिल हैं - जो मिनटों में सीधे आपके घर पर पहुंचाए जाते हैं। ग्राहकों को उनकी ज़रूरतों, बजट और सुविधा के अनुसार चुनने की सुविधा इसमें प्रदान की गयी है। यह साझेदारी करके हम परंपरा की शुभता को आधुनिक जीवन की सहजता और गति के साथ मिला रहे हैं, ताकि त्योहार की भावना बनी रहें।"

इस स्वर्णिम साझेदारी का जश्न मनाने के लिए, इन्स्टामार्ट ने इन्स्टागोल्ड यह एक शानदार ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन लॉन्च किया है। हैदराबाद में, एक भीड़भाड़ वाली जगह पर आकर्षक इंस्टॉलेशन करके उसे पूरा बदल दिया गया है, इंस्टॉलेशन पूरी तरह से एक जैसी सोने की पन्नी में लिपटे चॉकलेट के सिक्कों से ढका हुआ था। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है उनमें 5 असली सोने के सिक्के छिपे हुए थे, जो बाकी सिक्कों की तरह ही दिख रहे थे। हर प्रतिभागी के पास एक सिक्का चुनने और अपनी किस्मत आज़माने का सिर्फ़ एक मौका था। इस रोमांचक, इंटरैक्टिव अनुभव ने अक्षय तृतीया की भावना को दर्शाया, परंपरा, रोमांच, खुशी और सुनहरे भाग्य सबसे आनंददायक तरीके से एक साथ लाया गया।

त्योहारों में अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार खरीदारी से लेकर ऐन मौके पर भी सोच-समझकर दिए जाने वाले उपहार या अपने आप के लिए कुछ बहुत ही अच्छा खरीदने तक, कल्याण ज्वेलर्स का इन्स्टामार्ट पर आना भारत में शुद्धता, भरोसे और अब, अभूतपूर्व गति के साथ सोने की खरीदारी की नई परिभाषा रच रहा है।

# पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली ने वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस पर पशु चिकित्सकों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली,** भारत के पहले टेक-इनेबल्ड ओमनीचैनल पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली (कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड) ने 'वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस' के अवसर पर देश भर के पशु चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अनूठी राष्ट्रव्यापी पहल का आयोजन कई राज्यों में स्थित ज़िगली के सेंटरों में किया गया, जहां पशुओं की देखभाल करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। ये वे लोग हैं जो निःस्वार्थ भाव से पशुओं के कल्याण और देखभाल के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। कोस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ पंकज पोद्दार ने कहा 'ज़िगली में हर पशु चिकित्सक, टेकनिशियन और सपोर्ट मेंबर- पैट्स और उनके परिवारों के प्रति हमारे वादे को पूरा करने में योगदान देता है। हमारी यह टीम पूरी सहानुभुति के साथ उन्हें चिकित्सा




एवं देखभाल सेवाएं प्रदान करती है। आज का यह कार्यक्रम इस टीम के हर सदस्य के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है, जो हर दिन इस वादे को निभाते हैं।' ज़िगली के सेंटरों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों एवं सपोर्ट स्टाफ को फूल देकर तथा केक काटकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा ज़िगली की लीडरशिप टीमों ने व्यक्तिगत रूप से पैट केयर पार्टनर्स को धन्यवाद दिया तथा पैट्स के परिवारों का भरोसा जीतने, उन्हें उत्कृष्ट देखभाल प्रदान करने में उनकी भूमिका को सराहा।

# *केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया*

भारतीय जीवन बीमा क्षेत्र में एक प्रमुख बैंक के नेतृत्व वाली निजी कंपनी केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

कंपनी के प्रमोटर केनरा बैंक और एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड हैं।

यह प्रस्ताव 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के 2,37,500,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) है, जिसमें शामिल हैं केनरा बैंक ("प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक") द्वारा 1,37,750,000 इक्विटी शेयर; एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-पैसिफिक) होल्डिंग्स लिमिटेड ("प्रमोटर विक्रेता शेयरधारक") द्वारा 4,750,000 इक्विटी शेयर; और पंजाब नेशनल बैंक ("निवेशक विक्रेता शेयरधारक") द्वारा 95,000,000 इक्विटी शेयर।

केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारत में एक निजी जीवन बीमा कंपनी है और इसे केनरा बैंक (जो 31 दिसंबर, 2024 तक भारत में कुल संपत्ति के हिसाब से चौथा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है- स्रोत क्रिसिल रिपोर्ट) और एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया-प्रशांत) होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा प्रवर्तित किया गया है, जो हांगकांग और शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("एचएसबीसी") समूह का सदस्य है, जिसकी वित्तीय संस्थान के रूप में वैश्विक प्रतिष्ठा कंपनी में विश्वसनीयता और ब्रांड मूल्य जोड़ती है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी के पास सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा प्रवर्तित जीवन बीमा कंपनियों के बीच प्रबंधन के तहत तीसरी सबसे अधिक संपत्ति ("एयूएम") थी (स्रोत क्रिसिल रिपोर्ट) और वित्त वर्ष 2024 के लिए कवर किए गए जीवन की संख्या के आधार पर भारत में बैंक के नेतृत्व वाली टॉप पांच जीवन बीमा कंपनियों में शुमार है (स्रोत क्रिसिल रिपोर्ट)।

2007 में स्थापित, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारतीय जीवन बीमा क्षेत्र में एक प्रमुख बैंक के नेतृत्व वाली निजी कंपनी बन गई है और वित्त वर्ष 2024 में कवर किए गए जीवन की संख्या के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक-प्रेरित जीवन बीमा कंपनियों में दूसरे स्थान पर है (स्रोत क्रिसिल रिपोर्ट)। कंपनी के वार्षिक प्रीमियम समतुल्य ("एपीई") में निरंतर वृद्धि हुई है, जो उत्पादों और सेवाओं के विस्तार तथा बाजार में उपस्थिति बढ़ाने के प्रयासों को दर्शाता है।

कंपनी का कर पश्चात लाभ वित्त वर्ष 2022 में ?102.43 मिलियन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में ?1,133.17 मिलियन हो गया है, जो 232.61% की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों में यह लाभ ?848.93 मिलियन रहा।

कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई", और बीएसई के साथ मिलकर "स्टॉक एक्सचेंज") पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इस निर्गम के लिए एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, बीएनपी पारिबा, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर्स हैं।

# अक्षय तृतीया पर सोने की चमक के साथ, गोल्ड ईटीएफ हैं आपका स्मार्ट निवेश विकल्प

अक्षय तृतीया यानी परंपरा के अनुसार सोने की खरीदारी के लिए बहुत ही शुभ माना जाने वाला पर्व करीब आ रहा है। पीली धातु की तेज़ी में भाग लेने के लिए निवेशकों के लिए गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) एक आकर्षक तरीका हो सकता है। इस महीने की शुरूआत में, वैश्विक सोने की कीमतें 3,245 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गईं, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने इस सुरक्षित परिसंपत्ति में निवेश करना उचित समझा। गोल्ड ईटीएफ कीमती कमोडिटी में निवेश बढ़ाने के लिए एक कुशल और पारदर्शी निवेश मार्ग के रूप में उभरे हैं। ये पैसिवली मैनेज किए जाने वाले फंड घरेलू सोने की कीमतों को ट्रैक करते हैं और बेहतर लिक्विडिटी और प्राइसिंग स्पष्टता प्रदान करते हैं। हाल के महीनों में गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की रूचि बढ़ी है, जो उनके एयूएम में वृद्धि में दिखाई देती है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में गोल्ड ईटीएफ का औसत एयूएम रु. 31 मार्च, 2025 तक 57,101 करोड़ रुपये हो जाएगा, यानी साल-



दर-साल 90% की मज़बूत वृद्धि, जो दर्शाती है कि निवेशक बाज़ार की अनिश्चितता के बीच सोने को रणनीतिक बचाव के रूप में देख रहे हैं। टाटा एसेट मैनेजमेंट का गोल्ड ईटीएफ, दूसरे प्रचलित गोल्ड ईटीएफ में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है, इसने पिछले साल 31.3% वार्षिक रिटर्न दिया है, और इसका एयूएम 31 मार्च, 2025 तक कई गुना बढ़कर 3,087 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 192 करोड़ रुपये था (स्रोत आंतरिक डेटा)। यह फंड निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और मुद्रास्फीति और मुद्रा जोखिमों के खिलाफ बचाव करने का एक सुविधाजनक तरीका देता है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी श्री आनंद वरदराजन ने कहा, "गोल्ड ईटीएफ निवेशकों को लागत प्रभावी और सुविधाजनक तरीके से सोने की दीर्घकालिक क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। डॉलर के अवमूल्यन, केंद्रीय बैंक की खरीद और निवेशकों द्वारा इसे हेज के रूप में उपयोग करने सहित वजहों से सोना बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम सोने को लेकर काफी सकारात्मक हैं और हमें लगता है कि मध्यम से लंबी अवधि के दृष्टिकोण से यह क्लाइंट पोर्टफोलियो के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है।" सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक प्रभावी बचाव के रूप में कार्य करता है, जबकि भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के दौरान सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए, निवेशक इस अक्षय तृतीया पर एक अच्छी तरह से विविध दीर्घकालिक निवेश रणनीति के हिस्से के रूप में अपने पोर्टफोलियो में गोल्ड ईटीएफ को शामिल करने के बारे में सोच सकते हैं।

# एयर इंडिया 15 जून 2025 से टोक्यो हनेडा के लिए प्रतिदिन उड़ानें संचालित करेगी

## दिल्ली और टोक्यो हनेडा के बीच उड़ानों की संख्या सप्ताह में 4 से बढ़ाकर 7 (प्रतिदिन) की गई

**गुरुग्राम,** भारत की प्रमुख वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने आज घोषणा की कि वह दिल्ली और टोक्यो हनेडा के बीच अपनी नॉन-स्टॉप सेवा का विस्तार कर रही है। यह सेवा 15 जून 2025 से सप्ताह में चार दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन की जा रही है। यह विस्तार भारत और जापान के बीच संपर्क को मजबूत करता है और यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करता है, साथ ही इससे दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

यह कदम 31 मार्च 2025 को एयर इंडिया की टोक्यो के नरीता हवाई अड्डे से हनेडा हवाई अड्डे पर स्थानांतरण के बाद उठाया गया है, जिससे टोक्यो स्टेशन तक यात्रा का समय लगभग 30 मिनट हो गया है। एयर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान द्वारा संचालित ये दैनिक उड़ानें यात्रियों को टोक्यो के केंद्र तक तेज़ और आसान पहुंच प्रदान करती हैं, क्योंकि हनेडा हवाई अड्डा शहर से केवल 18 किमी की दूरी पर है।

एयर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर निपुण अग्रवाल ने कहा, "दिल्ली-टोक्यो हनेडा सेवा को प्रतिदिन करने का निर्णय भारत और जापान के बीच बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह दैनिक सेवा और ऑल निप्पॉन एयरवेज (ANA) के साथ हमारी गहरी कोडशेयर साझेदारी, हमारे मेहमानों के लिए जापान की खोज और टोक्यो के अलावा अन्य शहरों तक आसान कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है।"

एयर इंडिया की स्टार अलायंस साझेदार ऑल निप्पॉन एयरवेज (ANA) के साथ विस्तारित कोडशेयर व्यवस्था के तहत, यात्री एक ही टिकट पर और अपने सामान को अंतिम गंतव्य तक चेक-इन कराते हुए टोक्यो हनेडा से जापान के छह प्रमुख शहरों – फुकुओका, हीरोशिमा, नागोया, ओकिनावा, ओसाका और सपोरो – तक आसानी से यात्रा कर सकते हैं।

ये दैनिक उड़ानें अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और पुणे जैसे भारतीय शहरों के साथ-साथ एशिया और यूरोप के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मार्गों से भी सहज कनेक्शन प्रदान करती हैं।

**15 जून 2025 से प्रभावी अपडेट उड़ान अनुसूची इस प्रकार है**

358 दिल्ली (DEL) से रात्रि 2020 बजे प्रस्थान, टोक्यो हनेडा (HND) में अगले दिन प्रातः 0755 बजे आगमन (प्रतिदिन)।

357 टोक्यो हनेडा (HND) से प्रातः 1150 बजे प्रस्थान, दिल्ली (DEL) में अपराह्न 1725 बजे आगमन (प्रतिदिन)।

एयर इंडिया की दिल्ली-टोक्यो हनेडा उड़ानों की बुकिंग एयर इंडिया की वेबसाइट (Air IndiaÓs website), मोबाइल ऐप और ट्रैवल एजेंट्स सहित सभी माध्यमों पर खुली है।

# अर्बन कंपनी लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए ?1900 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

विभिन्न होम और ब्यूटी श्रेणियों में गुणवत्ता आधारित सेवाओं और समाधानों के लिए एक टेक्नोलॉजी-आधारित, फुल-स्टैक ऑनलाइन सेवा बाज़ार संचालित करने वाली कंपनी अर्बन कंपनी लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से ?1900 करोड़ (19000 मिलियन) जुटाना है, जिसमें 1 अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी।

इस ऑफर में 4290 मिलियन (429 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू (''फ्रेश इश्यू'') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 14710 मिलियन (1471 करोड़) तक के शेयरों की बिक्री का ऑफर (''ऑफर फॉर सेल'') शामिल है।

कंपनी के प्रमोटर अभिराज सिंह भाल (चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर), राघव चंद्रा (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ टेक्नालजी ऑफिसर और प्रॉडक्ट ऑफिसर) और वरुण खेतान (एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) हैं।

निवेशकों में शामिल हैं एक्सेल इंडिया IV (मॉरीशस) लिमिटेड, एलिवेशन कैपिटल V लिमिटेड (जिसे पहले SAIF पार्टनर्स इंडिया V लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), VYC11 लिमिटेड, बेसेमर इंडिया कैपिटल होल्डिंग्स II लिमिटेड, नैस्पर्स वेंचर्स B.V., इंटरनेट फंड V Pte. Ltd., थिंक इन्वेस्टमेंट PCC, आरोही सीड SPC - आरोही सीड SP-1, वेलिंगटन हैडली हार्बर AIV मास्टर इन्वेस्टर्स (केमैन) III, लिमिटेड, ABG कैपिटल और DF इंटरनेशनल पार्टनर्स आदि।

रेडसीर रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीनों में, अर्बन कंपनी शुद्ध लेनदेन मूल्य ("NTV") के आधार पर भारत में अग्रणी ऑनलाइन फुल-स्टैक होम और ब्यूटी सर्विसेज प्लेटफॉर्म थी।

कंपनी की उपस्थिति 31 दिसंबर 2024 तक भारत, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), सिंगापुर और सऊदी अरब (ऋ्र) के 59 शहरों में है, जिनमें से 48 शहर भारत में हैं। कंपनी के प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ता विभिन्न सेवाएं जैसे कि सफाई, कीट नियंत्रण, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबिंग, बढ़ईगिरी, उपकरण सेवा और मरम्मत, पेंटिंग, स्किनकेयर, हेयर ग्रूमिंग और मसाज थेरेपी की बुकिंग कर सकते हैं। ये सेवाएं प्रशिक्षित और स्वतंत्र सेवा पेशेवरों द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधानुसार प्रदान की जाती हैं। वित्त वर्ष 2023 और 2024 में, अर्बन कंपनी ने 'नेटिव' ब्रांड नाम के तहत क्रमशः वाटर प्यूरीफायर और इलेक्ट्रॉनिक डोर लॉक लॉन्च करके घरेलू समाधानों में विस्तार किया।

इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSE) पर सूचीबद्ध किए जाने का प्रस्ताव है। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर ("बीआरएलएम") हैं।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 35,577 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया

देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह 38,238 करोड़ रुपये था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 11% की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का सुरक्षा न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 4,095 करोड़ रुपये रहा। प्रोटेक्शन इंडिविडुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 793 करोड़ रुपये रहा। इंडिविडुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में 11% वृद्धि के साथ 26,360 करोड़ रुपये रहा। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का प्रोफिट आफ्टर टैक्स 2,413 करोड़ रुपये रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27% की वृद्धि है। कंपनी का सॉल्वेंसी रेशियो 31 मार्च 2025 तक 1.96 पर मजबूत बना रहेगा, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है।

एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 15% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को 4,48,039 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपये था, जिसमें 61.39 का ऋण-इक्विटी मिश्रण है। 94% ऋण निवेश एएए और सॉवरेन उपकरणों में हैं।

# डीसीबी बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के वार्षिक परिणामों की घोषणा की

**मुंबई,** डीसीबी बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने मुंबई में आयोजित बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया। इन परिणामों के साथ वैधानिक लेखा परीक्षकों 'वर्मा एंड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' तथा 'बीएसआर एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' की ऑडिट रिपोर्ट भी सम्मिलित है। वित्त वर्ष 2025 के परिणामों पर बोलते हुए डीसीबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ प्रवीण कुट्टी ने कहा "ऋण वितरण और जमा दोनों में ही विकास गति मजबूत बनी हुई है। नेट इंटरेस्ट मार्जिन स्थिर हो रहा है और शुल्क आय निरंतर बढ़ रही है। उत्पादकता में हुई वृद्धि लागत दक्षता में सुधार को दर्शाती है। हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद पोर्टफोलियो गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखकर प्रसन्न हैं। हमें विश्वास है कि हमने जो कदम उठाए हैं, वे आने वाले समय में इन रुझानों को और बेहतर बनाएंगे।" उल्लेखनीय है कि डीसीबी बैंक का शुद्ध लाभ 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में ?177 करोड़ रहा। यह 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में यह ?156 करोड़ था, जो 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 में बैंक का शुद्ध लाभ ?615 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 में यह ?536 करोड़ था – अर्थात 15% की वृद्धि दर्ज हुई है।।

# गोल्ड ईटीएफ हैं स्मार्ट निवेश विकल्प

TATA
mutual fund

अक्षय तृतीया यानी परंपरा के अनुसार सोने की खरीदारी के लिए बहुत ही शुभ माना जाने वाला पर्व करीब आ रहा है। पीली धातु की तेज़ी में भाग लेने के लिए निवेशकों के लिए गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) एक आकर्षक तरीका हो सकता है। इस महीने की शुरूआत में, वैश्विक सोने की कीमतें 3,245 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गईं, क्योंकि मुद्रास्फीति की चिंताओं, कमजोर डॉलर और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों ने इस सुरक्षित परिसंपत्ति में निवेश करना उचित समझा।

टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी आनंद वरदराजन ने कहा, "गोल्ड ईटीएफ निवेशकों को लागत प्रभावी और सुविधाजनक तरीके से सोने की दीर्घकालिक क्षमता का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। डॉलर के अवमूल्यन, केंद्रीय बैंक की खरीद और निवेशकों द्वारा इसे हेज के रूप में उपयोग करने सहित वजहों से सोना बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हम सोने को लेकर काफी सकारात्मक हैं और हमें लगता है कि मध्यम से लंबी अवधि के दृष्टिकोण से यह क्लाइंट पोर्टफोलियो के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है।"

टाटा एसेट मैनेजमेंट का गोल्ड ईटीएफ, दूसरे प्रचलित गोल्ड ईटीएफ में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है, इसने पिछले साल 31.3% वार्षिक रिटर्न दिया है, और इसका एयूएम 31 मार्च, 2025 तक कई गुना बढ़कर 3,087 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 192 करोड़ रुपये था (स्रोत आंतरिक डेटा)। यह फंड निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाने और मुद्रास्फीति और मुद्रा जोखिमों के खिलाफ बचाव करने का एक सुविधाजनक तरीका देता है।

## श्री रामधाम आश्रम तामडिया में 108 कुण्डात्मक नवदिवसीय महायज्ञ आज से शुरू

### महायज्ञ के दौरान आयोजित होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के गांव तामडिया धाम की पावन तपोस्थली श्रीराम धाम आश्रम में वैशाख शुक्ल पंचमी शुक्रवार 2 मई से नवदिवसीय 108 कुण्डात्मक श्री सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ होने जा रहा है। श्री श्री 1008 धन्ना पीठाधिश्वर संतशिरोमणी श्री बजरंग देवाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। वहीं महायज्ञ की शुरुआत शुक्रवार को सुबह 7 बजे शोभायात्रा के दौरान एक हजार से अधिक महिलाएं मंगल कलशयात्रा में भाग लेंगी। इसके बाद दशविधि स्नान, प्रायश्चित हवन और अपराह्न 12.15 बजे मंडप प्रवेश के साथ अरणी मंथन विधि द्वारा अग्नि स्थापना की जाएगी। यज्ञ का समापन वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 10 मई शनिवार को नित्य अर्चन, बलिदान व पूर्णाहुति के साथ होगा। जानकारी के अनुसार मीडिया प्रभारी विष्णु मामोडिया ने बताया की तामडिया धाम में 108 कुण्डों वाला भव्य यज्ञ मंडप पूर्णतः तैयार है। यजमानों के लिए महाकुंभ की तर्ज पर अलग टेंट सिटी बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक परिवार को निजी टेंट, स्नान, शौचालय और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए विशाल डोम में भोजन व्यवस्था की गई है, महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन दो हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बच्चों और आगंतुकों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी सहित अन्य संस्थानों की व्यवस्था की गई है, जबकि रात्रि समय रामलीला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन होगा। वहीं बताया कि 9-10 मई को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के महायज्ञ में आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आने की संभावना है। स्थानीय ग्रामीण तन-मन-धन से सेवा में लगे हैं और आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। महायज्ञ में संत, महापुरुष और यजमान हवन कुण्ड में लाखों आहुतियां देकर क्षेत्र व प्रदेश की सुख-समृद्धि अमन चैन की मंगल करेंगे।

## श्री मां शाकंभरी मंदिर में बालाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



जयपुर टाईम्स

**कुचामन सिटी (निसं.)**शहर के हृदय स्थल एवं जन-जन की आस्था का केंद्र श्री स्वरूपली डूंगरी पर स्थित श्री मां शाकंभरी मंदिर में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम का कल मूर्ति स्थापना के साथ विधिवत्त समापन हुआ। प्रवासी उद्योगपति एवं शहर के जाने-माने भामाशाह चंद्र प्रकाश ने अपने पिता स्वर्गीय रामानंद सोनी की स्मृति में शाकंभरी मंदिर स्थित डूगरी पर बहुत ही भव्य मंदिर का निर्माण करवा कर अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री बालाजी महाराज की मूर्ति का वैदिक मंत्र उच्चारण एवं विविध प्रकार की पूजा अर्चना के साथ सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा करवाई। तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन में सर्वप्रथम आवाहित देवी देवताओं स्थापित देवी देवताओं शाकंभरी माताजी, शंकर भगवान, श्री भैरव जी एवं नवग्रह षोडष मंडल आदि की वैदिक एवं शास्त्रोंक्त मंत्र उच्चारण द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। पूजा अर्चना के अंतर्गत श्री हनुमान जी महाराज की मूर्ति को सबसे पहले धान्यवास, जलाधि वास, पुष्पवास, फलादि वास एवं पंचामृत द्वारा अभिषेक करवाकर एवं हवन यज्ञ से शास्त्रोंक्त वैदिक मन्त्रोचारण द्वारा शुभ समय मध्यान के समय प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। उसके पश्चात बालाजी के श्री चरणों में संगीतमय सुंदरकांड का भव्य पठन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा से पहले श्री बालाजी महाराज की दिव्य झांकी को सवारी पर सजाकर माताजी के ओरण में एवं वन में धूमधाम जय कारो के साथ हर्षोल्लास से ढोल, झालर, शंख एवं बैंड बाजे के साथ भ्रमण कराया गया। इससे पहले मुख्य यजमान श्री चंद्र प्रकाश जी का श्रीमान शाकंभरी मंडल ट्रस्ट के द्वारा माला साफा एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। तथा उपस्थित परिवार जनों का एवं शहर के मुख्य व्यक्तियों का भी दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुंदरलाल कासट, सचिव सुतेंद्र सारस्वत ,उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार लाटा, दुर्गा राम चौधरी, श्रवण नान सोनी, मुकेश सैन,सुरेन्द्र सिंह पलाड़ा,गिरवर सिंह,सुरेन्द्र सिंह राजावत, राजकुमार जांगिड़, मुरारी गौड द्वारा यजमान दंपति का एवं उनके परिवार जनों का स्वागत सम्मान किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कुचामन गौशाला के अध्यक्ष नंदकिशोर बिडला, राधेश्याम झवर, लॉयन्स क्लब के श्री राम काबरा, डॉक्टर वी के गुप्ता, कल्पना गुप्ता सहित शहर के कई गण मान्य व्यक्ति इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित थे। इस भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी का भी आयोजन किया गया मंदिर प्रांगण में आगंतुक दर्श नार्थियों एवं श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा तथा दिनभर भजन कीर्तन चल रहा था। आगंतुक प्रत्येक दर्शनार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया तथा आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कराकर अपने आप को सभी दर्शनार्थियों ने धन्य महसूस किया।

## गौशाला बीड़ में रामानंद गौ चारागृह का लोकार्पण एवं वर्मा की मूर्ति का हुआ अनावरण

**कुचामन सिटी(निसं.)** गौमाता की सेवा को समर्पित अनन्य गौ भक्त एवं कुचामन गौशाला बीड़ के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले स्व श्री रामानंद वर्मा की मूर्ति का अनावरण गुरुवार को कुचामन गौशाला बीड़ में हुआ, साथ ही वर्मा की स्मृति में उनके परिवार द्वारा गौ सेवार्थ निर्मित श्री रामानंद गौ चारागृह का लोकार्पण भी हुआ। स्व रामानंद वर्मा की धर्मपत्नी मुन्नीदेवी एवं सुपुत्र चन्द्रकुमार वर्मा, ओमप्रकाश सोनी, कुचामन विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा, गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला ने गौ पूजन के साथ चारागृह का लोकार्पण एवं मूर्ति का अनावरण किया। नंदकिशोर बिड़ला ने वर्मा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा वर्मा परिवार को जब भी गौशाला की किसी भी आवश्यकता के बारे में बताया जाता है। तब यह परिवार उदारमन से हर समय तैयार रहता है। उन्होंने कहा वर्मा परिवार द्वारा पूर्व में दी गई सौगातें निश्चित रूप से गौशाला के लिए वरदान साबित हो रही हैं। चन्द्रकुमार वर्मा ने कहा गौमाता



की सेवा का अवसर ईश्वर की विशेष कृपा से प्राप्त होता है। उन्होंने गौशाला बीड़ में डेयरी उत्पादों का प्रोजेक्ट लगाने के बारे में कहा। ओमप्रकाश काबरा एवं श्यामसुन्दर मंत्री ने वर्मा परिवार द्वारा करवाये जा रहे कार्यों की सराहना की। सचिव किशोर सेवदा, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मोहनप्रकाश मालपानी, सह सचिव राम काबरा एवं अशोक काला, श्यामसुन्दर लोहिया, शिवकुमार अग्रवाल, राधेश्याम झंवर, मुरलीधर गोयल ने सभी अतिथियों एवं वर्मा परिवार के ईशा वर्मा, विनय सोनी, सुमन सोनी, कुसुम सोनी एवं पूर्व पार्षद गौरीशंकर शर्मा का साफा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर गोपाल लाटा, रमेश काबरा, संपत सोमानी, सुरेश झंवर, पवन जैन, बनवारीलाल मोर, हनुमान सोनी, मिठूलाल माली, अशोक मोर, नरेन्द्र शर्मा, श्यामसुन्दर सैनी, पवन सांभरवाला, टीकमचंद टेलर, मनोहर पारीक, मुकेश लाहोटी, अनिल काला, रवि काबरा, अनिल मंढावाला, सुरेश बंसल, नरसी बुड़सुवाला, रमेश चावला आदि गौशाला सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन कमल तोषनीवाल ने किया। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई।



# कार्यालय पंचायत समिति तारानगर, चूरू

Email -bdo.chu.tar@gmail.com

क्रमांक- लेखा / निविदा 2025/580-83 दिनांक 01.05.2025

### ई निविदा सूचना/ 02/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत भवन एवं भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के भवनों की सुरक्षा हेतु जॉब बेसीस पर मानव संसाधन की दर पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिशिष्ट बोली दाताओ / संवेदक जो कि राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 वस्तु एवं सेवा कर (GST) आयकर (पेन नम्बर) के अन्तर्गत पजींकृत हो एवं नागरिक एवं गृह रक्षा विभाग, जयपुर या राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर से जारी सुरक्षा सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु लाईसेंस / अनुमति प्राप्त हो, से निम्नलिखित प्रकार से ई - निविदा ( तकनिकी - वाणिज्यक / क्वालीफाइंग बिड व वित्तीय / प्राईस बिड) आमन्त्रित की जाती है- http://www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति तारानगर**


## खान श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर निकाली रैली




जयपुर टाईम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर राजस्थान बरड़ खान मजदूर संघ इकाई भीलवाड़ा के तत्वावधान में खान श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर रैली का आयोजन किया गया। उपखंड कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष दिलीप सिंह यादव ने बताया कि राजस्थान में पश्चिम बंगाल की तर्ज पर सिलिकोसिस पीड़ितों को 4 हजार मासिक पेंशन दिए जाने,पूर्व में जिन सिलिकोसिस पीड़ित खान श्रमिकों को 1लाख एवं 2 लाख रुपए की सहायता मिली हैं उनको सिलिकोसिस पुनर्वास नीति -2019 के अनुसार जीवित रहते 3 लाख रुपए दिए जाने, खदानों में काम करते समय दुर्घटना हो जाने पर खान श्रमिकों को अथवा उनके वारिसों को डीएमएफटी फंड से तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाने और राजस्थान सरकार के द्वारा 16 मई 2022 को खान श्रमिकों के लिए बनाए गए खान श्रमिक कल्याण बोर्ड को क्रियान्वन करके योजनाओं को लागू किए जाने समेत अन्य मांग की गई।

## मजदूर दिवस पर फुलेरा के श्रमिकों को मिला सम्मान

**फुलेरा (निसं.)**हर सुबह सूरज उगने से पहले जो लोग शहर के दुकानों और गोदामों में भारी सामान पहुंचाते हैं – वही हमारे शहर की असली रीढ़ हैं। ऐसे ही मेहनतकश मजदूर भाइयों को मजदूर दिवस पर व्यापार महासंघ, फुलेरा ने बड़ी सौगात दी है । उनके मेहनताने में वृद्धि की घोषणा की गई है।महासंघ के महामंत्री त्रिलोक शर्मा ने बताया कि ये श्रमिक भाई न केवल दिनभर का कठिन श्रम करते हैं, बल्कि शाम को घर लौटकर अपने बच्चों की पढ़ाई और परिवार की खुशियों की जिम्मेदारी भी उठाते हैं। "एक मजदूर भाई ने हाल ही में बताया कि वह दिनभर की कमाई से अपनी बेटी को स्कूल भेजता है और उसका सपना है कि वह एक दिन अध्यापक बने,"महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल कुमावत व वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया गया।



# कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक :- G.P. JOGALSAR/2025-26/E-TENDER/08-14 दिनांक :- 24.04.2025

### ई निविदा सूचना संख्या 02 (वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जोगलसर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्यकी सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें कार्यालय में तथा SPPP पोर्टल पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रूपयें में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपयें में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपयें में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | प्रोसोसिंग शुल्क निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | ग्राम पंचायत जोगलसर के समस्त गाँवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 813780 | 16300 | 500 | दिनांक 28.04.2025 से सांय 06.00 बजे से दिनांक 05.05.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 05.05.2025 समय 02.00 बजे | दिनांक 05.05.2025 सांय 04.00 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**NIB No.-** ZCR2526A0134, **UBN No.-** ZCR2526GLOB00271

**प्रशासक : ग्राम पंचायत जोगलसर, पं.स. बीदासर (चूरू)** **ग्राम विकास अधिकारी : ग्राम पंचायत जोगलसर, पं.स. बीदासर (चूरू)**




# कार्यालय ग्राम पंचायत दरीबा

### पं.स. पाटन (सीकर)

क्रमांक- ग्रापंद / 2025/54 दिनांक- 01.05.2025

### ई-निविदा / खुली बोली सूचना / 02 / 2025-26

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2025-26 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 12.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. PKP2526WSRC00015

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. दरीबा**




# कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर, पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक :- G.P. JOGALSAR/2025-26/E-TENDER/01-07 दिनांक :- 24.04.2025

### ई निविदा सूचना संख्या /2025-26

ग्राम पंचायत जोगलसर में वर्ष 2025-26 के लिये महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज की योजनाओं के लिए निर्माण सामग्री क्रय हेतु इच्छुक विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो कि वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), आयकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (रूपयें) | धरोहर राशि (रूपयें) | निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (रूपयें) | ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलोड/अपलोड करने की तिथि व समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की तिथि व समय | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | जोगलसर | 8000000 | 180000 | 1500+1500 | दिनांक 28.04.2025 से सांय 06.00 बजे से दिनांक 13.05.2025 दोपहर 12.00 बजे तक | दिनांक 13.05.2025 समय दोपहर 02.00 बजे तक | दिनांक 13.05.2025 समय सांय 04.00 बजे |

निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्तें www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**NIB No.-** ZCR2526A0133, **UBN No.-** ZCR2526GLOB00270

**प्रशासक : ग्राम पंचायत जोगलसर, पं.स. बीदासर (चूरू)** **ग्राम विकास अधिकारी : ग्राम पंचायत जोगलसर, पं.स. बीदासर (चूरू)**




# राजस्थान विधान सभा सचिवालय

क्रमांक- एफ. 18(70)स्टोर स्टे. /फर्नी- रिपेयर/विस/2025-26/13/46 जयपुर, दिनांक- 25 अप्रेल, 2025

**बिड सूचना**

**UBNNO:- RLA 2526 WSRC 00001**

राजस्थान विधान सभा सचिवालय में सोफासेटस एवं लकडी की कुर्सियों की मरम्मत एवं कवर हेतु सुस्थापित फर्मों से द्विवार्षिक दर संविदा हेतु बिड्स आमंत्रित की जाती हैं-

| सामग्री / कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू) | बिड प्रतिभूति (रू) | बिड प्रपत्र शुल्क (रू) | बिड प्रपत्र बेचने की की दिनांक एवं समय | बिड जमा कराने की अंतिम दिनांक | बिड खोलने कि दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) सोफासेटस की मरम्मत ( अनुमानित संख्या 40) | 6,00,000/- | 12,000/- | 500/- | दिनांक 30.04.2025 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 08.05.2025 मध्यान्ह 01.00 बजे तक | दिनांक 08.05.2025 सायं 3.00 बजे तक | दिनांक 08.05.2025 सायं 4.00 बजे |
| (B) लकडी की कुर्सियों की मरम्मत (अनुमानित संख्या 50 ) | | | | | | |

बिड प्रपत्र राजस्थान विधान सभा सचिवालय के कक्ष संख्या 739 से दिनांक 08.05.2025 मध्यान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क रूपये 500/- जमा करा कर प्राप्त किया जा सकता अथवा इस सचिवालय की वेबसाइट https://assembly.rajasthan.gov.in या https://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाइट से डाउनलोड किये गए बिड प्रपत्र का शुल्क बिड के साथ प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर के नाम देय डी.डी./बैंकर्स चैक द्वारा जमा कराना आवश्यक है।

DIPR/C/5882/2025

**(संजीव कुमार शर्मा)**
**उप सचिव (प्रशासन)**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
02 मई, 2025


## मक्का व मदीना की उमराह जियारत कर आने पर किया इस्तकबाल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने उमराह हज यात्रा पर मक्का और मदीना की जियारत कर आने पर इस्तकबाल किया। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि रफीक मंडेलिया के साथ इरशाद मंडेलिया ने मदीना व मक्का में उमराह जियारत कर आने पर मंडेलिया फार्म हाउस पहुंचने पर कांग्रेस जनों ने किया इस्तकबाल। चौहान ने बताया कि मंडेलिया ने मक्का और मदीना काबा शरीफ की जियारत के दौरान देश व प्रदेश और चूरू की आवाम के लिए दुआए खैर की। इस्तकबाल कर्ताओं मालाएं पहनाकर गुलदस्ता देकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार करता पूर्व सभापति गोविंद महानसरिया,चूरू कॉम काजियान सदर संजय भाटी, जिला कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष नारायणन बालान, पार्षद शाहरुख खान, आबिद खान जाबासरिया, पार्षद अनीश खान,नुमान सैय्यद,मनीष कुमावत, आरिफ़ रिसालदार एन के खान झारिया आदि ने किया।

## राहगीरों को किया ठंड़ा पेय पदार्थ वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विप्र महिला मंडल की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए मंडल सदस्य महिमा शर्मा ने अपने ससुर जयप्रकाश शर्मा की पुण्यतिथि पर उनकी धर्मपत्नी इंदिरा शर्मा के सानिध्य में राहगीरों को 650 बोतल कोल्ड ड्रिंक व ठंड़ा पेय पदार्थ वितरित किया गया। इस अवसर पर मंजू पारीक, सरोज शर्मा, सुषमा शर्मा, रजनी शर्मा, सरला शर्मा, चंदा बंसिया, सरिता शर्मा, सुनीता शर्मा, आनंदबाला शर्मा आदि उपस्थित रही।

## आकाश नाथ महाराज ने किया गोल्डन ट्रेडर्स का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय बिसाऊ रोड़ स्थित गोल्डन ट्रेडर्स का उद्घाटन बुधवार को झारिया धाम के महंत आकाशनाथ महाराज ने फीता काटकर किया। पंडित रवि प्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवायी। प्रोपराईटर बालकृष्ण बावलिया ने बताया कि यहां पर सेनेटरी का सम्पूर्ण सामान थोक व खुदरा में उपलब्ध होगा। इस अवसर पर बनवारी लाल शर्मा, विष्वनाथ शर्मा राजगुरु, नरेंद्र शर्मा, नवरतन शर्मा, तेजपाल शर्मा, दिनेश बावलिया, योगेश गौड़, संदीप पाटिल, सुरेंद्र बावलिया, मनीष, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

## दो के नेत्रदान से चार नेत्रहीन की जिंदगी होगी रौशन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गोठी बास निवासी राजेंद्र कुमार गोठी का 69 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन होंने पर उनके पुत्र आनन्द गोठी, ओमप्रकाश गोठी और गोठी परिवार ने उनके नेत्रों का दान करने का निर्णय लिया। परिवार की सहमति पर नेत्र संग्रह केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत ने नेत्र संग्रह किया। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर मुख्यालय स्थित नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि बुधवार को रात्रि में सुजानगढ़ निवासी जुगजीवन देवी रेनीवाल का निधन होंने पर उनके परिजनों की सहमति पर व गोठी बास में गोठी परिवार की सहमति पर दोनों के नेत्र संग्रह किया गया। इस प्रकार इस केन्द्र में यह दसवां नेत्रदान हुआ है। गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, आयुर्वेद विश्व भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार व तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष लोकेश सेठिया ने नेत्रदान किए जाने पर गोठी परिवार व रेनीवाल परिवार का इस पुण्य कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है।



# पांच दिवसीय भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस का समापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में विप्र फाउंडेशन की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित पांच दिवसीय परशुरामजी प्राकट्य दिवस के तहत समारोह का समापन गुरूवार को कामधेनु गौशाला में गौ माता सर्वधन विचार गोष्ठी के साथ किया गया। भगवान परशुरामजी प्राकट्य दिवस समारोह गौड़ विप्र महासभा भवन के पावन परिसर से शुभारम्भ होकर पक्षी परिंडे वितरण, अनुष्ठान, हवन, रक्तदान शिविर, रोगियों को फल वितरण, गीता ज्ञान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग शिविर और गौमाता संवर्धन गोष्ठी के साथ बड़े हर्षोंउल्लास के साथ समापन किया गया। विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कामधेनु गौशाला में प्रेमरतन भोजक गुरुजी की अध्यक्षता में गौ माता सर्वधन गोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया। गौशाला के मंत्री बनवारी लाल जांगिड़ ने देशी गौ वंश के संवर्धन के बारे में विस्तार से बताते हुए गोशाला की स्थापना से लेकर वर्तमान समय में गौ माता के लिए किए जा रहे कार्यों की पूरी जानकारी दी। इस अवसर पर गौभक्त ओमप्रकाश पारीक की ओर से आगामी सितम्बर में आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय महायज्ञ की चर्चा की। हरि वेदी की ओर से कामधेनु गौशाला के घरों में उपयोग आने वाले उत्पादों की जानकारी दी। गौमाता के दूध को अमृत बताते हुए सांवरमल सैनी ने गौमाता संवर्धन पर प्रकाश डाला। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र की ओर से तन मन से गौशाला के कार्यक्रमों में सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, खण्ड महामंत्री राजकुमार गौड़, युवा नगर अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, जिला सचिव राजीव भोजक, नगरपालिका के पुर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, समाजसेवी सांवरमल कम्मा, ओमप्रकाश सोनी, बुधमल जांगिड़, हरिप्रसाद बैंदी, प्रभु राम, महेश सैनी सहित अन्य गौभक्त उपस्थित रहे। विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस पर संगठन की ओर से आयोजित सभी कार्यक्रमों में तन, मन, धन से सहयोग करने वालों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रमों के समापन की घोषणा भगवान परशुराम के जयकारों से की। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## भारी वाहनों का सुजानगढ़ में 24 घंटे प्रवेश निषेधः वर्मा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नए बस स्टेंड को संचालित करने के बाद उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने अधिकारियों की रिव्यू मीटिंग ली है। उपखंड अधिकारी ने नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी से कहा कि बैद हॉस्पिटल से आगे यात्रियों के लिए छाया की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ऋतिक सांखला को उपखंड अधिकारी ने कहा कि बोबासर पुलिया से सुजानगढ़ की तरफ, बीडीएस तिराहे और गुलेरिया रोड़ पर बड़े संकेतक लगाए जाए कि माल वाहनों और भारी वाहनों का सुजानगढ़ में प्रवेश 24 घंटे बंद है। सुजानगढ़ में रात 10 बजे के बाद और सुबह से पहले तक केवल वो ही वाहन प्रवेश कर पाएगे, जिनका माल सुजानगढ़ में खाली होना या भरा जाना है। बाकी यहां से होकर कोई मालवाहक वाहन न तो आगे जा सकता है और न ही आ सकता है, ताकि वाहन चालकों का भ्रम दूर हो सके। डीटीओ इंस्पेक्टर राजेश स्वामी ने कहा कि तीन चार दिन तक लोडेड वाहन चालकों को हिदायत दी जाएगी, उसके बाद भी अगर समस्या आती है, तो कार्यवाही की जाएगी। डीएसपी दरजाराम बोस ने भविष्य में पुलिया निर्माण के दौरान आने वाली यातायात समस्याओं के बारे में चर्चा की। उपखंड अधिकारी ने तहसीलदार राजू देवी को भी समय-समय पर निरीक्षण करने के लिए कहा। इसी प्रकार उपखंड अधिकारी ने एक्ईएन से पूछा कि पुल कब तक शुरू होगा, जिस पर ऋतिक सांखला ने बताया कि बिजली पानी की लाईनों को शिफ्ट करने के साथ इसका काम शुरू हो जाएगा। उपखंड अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों ने स्टे ले रखे हैं, उनके स्टे वेकेट करवाने के लिए विभाग मजबूती से हाईकोर्ट में पैरवी करे, ताकि जनहित का ये बड़ा काम संपूर्ण हो सके। बैठक के दौरान सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल भी मौजूद रहे। एसडीएम ने सभी अधिकारियों से नए बस स्टेंड व लाडनू रोड़ की ओर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए कहा।

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के दिशा निर्देश में निविदा फर्म के कार्यालय फतेहपुर बाईपास मण्डावा में गुरुवार को श्रमिको के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएमएससी के सामाजिक व पर्यावरण विशेषज्ञ योगेश आत्रेय ने श्रम के महत्व पर बोलते हुए कहा कि बिना मजदूर के विकास की बात करना ही बेमानी होगा, सभी प्रकार के विकास काम श्रमिकों की ओर से ही किए जाते है। व श्रमिकों के लिए केन्द्र अथवा राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जल कल्याणकारी योजनाओं, कार्य के दौरान हैलमेंट, बस्ताने, गमबूट, जैकेट, हाईट पर काम करते समय सेफ्टी बैल्ट काम में लेने, शौचालय का सही तरीके से उपयोग करने, सुरक्षा का महत्व, मानव जीवन में शिक्षा का महत्व आदि पर भी बताया। सीएपीसी इकाई के सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल कुमार रूहेला ने इस श्रम दिवस के अवसर पर कहा कि मजदूर हूँ मजबूर नहीं, यह कहने में मुझे शर्म नहीं, अपने पसीने की खाता हूँ, मैं मिट्टी को सोना बनाता हूँ7 परियोजना श्रमिकों को श्रम का महत्व, मजदूरों के अधिकार व कर्तव्य, श्रमिकों के लिए जन कल्याणकारी योजनायें, कार्य के दौरान सुरक्षा का महत्व, मानव जीवन में शिक्षा का महत्व, मौसमी बीमारियों से बचाव, महिला श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाए निविदा फर्म एल. एन. ए. आर एण्ड बी (जेवी) के परियोजना प्रबन्धक करी भुजंग राव ने श्रमिको को बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के साथ ही सामूहिक साफ-सफाई पर ध्यान देने की बहुत जरूरत है, हमें खाने से पहले व शौच के बाद साबुन से हाथ जरूर धोने चाहिए। साईट पर काम के दौरान लू से बचाव के लिए हमेशा सिर ढक कर रखना चाहिए और नियमित तरल पदार्थ का सेवन कर इससे बचा जा सकता है। इस दौरान कार्य के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, श्रम का महत्व, विकास कार्यों में श्रमिक की भूमिका व अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में सीएमएससी के स्पोर्ट इंजीनियर प्रशान्त शर्मा, ऋषभ कुमार तथा निविदा फर्म के कार्यक्रम में राजपाल सिंह शेखावत, कुलदीप सिंह शेखावत डाबडी, रामजीत मौर्य, मनोज जोया, कृष्ण कुमार, प्रहलाद मील, राजामल्ला रेड्डी, हिमांशु भदौरिया,जगदीश मीना, पिंटू सहित परियोजना के 48 श्रमिकों ने कार्यक्रम भाग लिया।

## ई-मित्र कियोस्क व आधार सेंटर का औचक निरीक्षण, दो केंद्रों पर मिली अनियमितताएं

**झुंझुनूं(निस)।** आमजन को सुलभ और पारदर्शी ई-गवर्नेंस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग, झुंझुनूं के संयुक्त निदेशक घनश्याम गोयल के आदेशानुसार माह अप्रैल 2025 में ब्लॉक पिलानी क्षेत्र में ई-मित्र कियोस्क और बाल आधार सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व ब्लॉक प्रोग्रामर अनिल कुमार ने किया, जिसमें 17 ई-मित्र कियोस्क और एक बाल आधार सेंटर का निरीक्षण किया गया।

## नगरपरिषद सभापति का एक्शन, वनवे में सहमति से हटाया वर्षों पुराना अतिक्रमण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की नगरपरिषद की ओर से शुरू की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रही। दूसरे दिन रेडियो जी की हवेली के पास अतिक्रमण हटाया गया। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि 40 वर्ष पहले नगर पालिका में मोहनलाल शर्मा अध्यक्ष रहे और उनकी ओर से 40 साल पहले सड़कों को चौड़ा करने का कार्य किया गया था। जिसके चलते इतने सालों तक आवागमन सुचारू रहा। लेकिन अब हर घर में वाहनों की संख्या बढ़ी है और जनसंख्या भी बढ़ी है। जिसके कारण शहर के मुख्य रास्तों पर अतिक्रमण होने से धीरे-धीरे रास्ते भी छोटे होते जा रहे थे। उसको देखते हुए मुख्य रास्तों को अतिक्रमण हटाकर चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को जो अतिक्रमण हटाया गया है और जिन दो मकान मालिकों के मकान अतिक्रमण में आ रहे थे। उन दोनों मालिकों की ओर से स्वयं की सहमति से अपने मकान तुड़वाकर रास्ते को चोड़ा करने में अपना सहयोग दिया है। नगरपरिषद की ओर से प्रशासन का सहयोग करने पर उनकों सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर के मुख्य रास्तों को चौड़ा करने के लिए नगरपरिषद का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य रास्तों को चौड़ा करने की कार्रवाई नगरपरिषद की ओर से लगातार जारी रहेगी।

## मण्डावा में एसडीएम को सौपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कश्मीर के पहलगांव में हुई घटना को लेकर प्रधानमंत्री के नाम गुरुवार को मंडावा एसडीएम को ज्ञापन दिया गया और मांग की गई कि मृतकों के परिवार को सरकारी नौकरी देने साथ ही परिवार की सहायता करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अमित मीणा, मंडावा युवा नेता राहुल मिश्रा, सोनू निर्मल, अभिषेक नायक, रोहित नायक और भी युवा साथी मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता अमित मीणा ने बताया कि आगे भविष्य में ऐसी घटना दुबारा न हो भारत सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।


राजस्थान सरकार

# कार्यालय पंचायत समिति तारानगर जिला चूरू

क्रमांक- पं.स./तारा/मशीन विथ मैन / 2025-26/577-79 दिनांक 01.05.2025

## खुली निविदा सूचना संख्या 05/2025-26

कार्यालय पंचायत समिति तारानगर के कार्यालय हेतु 3 कम्प्यूटर ऑपरेटर (मशीन विथ मैन) जॉबवर्क पर 01.06.2025 से 31.03.2026 तक अनुबन्ध पर लेने हेतु खुली निविदाएं वित्त (जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र दिनांक 30.04.2018 से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार मोहर बन्द लिफाफों में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। खुलि निविदा संबंधि शर्ते कार्यालय समय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है। उक्त निविदा सूचना विवरण एंव शर्ते https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है

विकास अधिकारी
पंचायत समिति तारानगर

# कार्यालय पंचायत समिति तारानगर, चूरू

क्रमांक- 573-75 दिनांक 01.05.2025

## निविदा सूचना 04/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति तारानगर (चूरू) के अधीन सामान्य व मनरेगा कार्यालय में डैस्कटॉप कम्प्यूटर उपकरण उपलब्ध करावाये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमित्रत की जाती है। इस क्षेत्र में कार्य करने वाली इच्छित फर्मों से निम्न श्रेणी की विशेषता वाले डैस्कटॉप कम्प्यूटर उपलब्ध करवाने हेतु निविदा आमित्रंत की जाती है। उक्त निविदा सूचना विवरण एंव शर्ते https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एंव Download कर प्राप्त की जा सकती है

विकास अधिकारी
पंचायत समिति तारानगर

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
02 मई, 2025


## 11 सूत्री मांगो को लेकर सौंपा मांग पत्र



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** प्रमोशन सहित 11 सूत्री मांगो को लेकर ग्राम विकास अधिकारी संघ तारानगर ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पंचायती राज मंत्री व शासन सचिव व आयुक्त के नाम विकास अधिकारी विनोद कुमार धायल को ज्ञापन सौंपा। इस मोके पर दशरथ यादव, नरेन्द्र यादव, राजमल कासनिया, धर्मपाल ज्याणी, राजेंद्र शर्मा, रामगोपाल शर्मा, रवि कुमार, कृष्ण कुमार, सरजीत सिहाग, बलवीर गुरड़ा, कौशल्या मीणा, किरण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## इन्क्यूबेशन सेन्टर पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में संचालित आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेन्टर में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इस दौरान प्रोफेसर डॉ अरविन्द शर्मा ने विद्यार्थियों को उद्यमशीलता व स्वराजेगार के बारे में जागरूक किया। मेंटर मनु विजय ने विद्यार्थियों को नए आईडिया पर काम करने और उद्यमी बन रोजगार की नई संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। आई-स्टार्ट के इंजीनियर अनुराग सोनी ने दो दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत रोबोट, इलेक्ट्रॉनिक सेंसर, नैनो टेक्नोलॉजी के विभिन्न उपयोग के बारे में ट्रेनिंग दी।

## परिसीमन के विरोध में ग्रामीणों का आमरण अनशन शुरू




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** निकटवर्ती गाँव गाजुवास गडाना में गाँव के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत व पंचायत समिति परिसीमन के विरोध में गुरुवार को आमरण अनशन शुरू कर दिया है आमरण अनशन में उमरावसिंह हरिसिंह बैठे। इस अवसर पर ग्रामीणों की आम सभा को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य तिलोकाराम कस्वां ने कहा कि राज्य सरकार ने परिसीमन के नाम पर तारानगर की जनता को बांटने का काम किया है जिसको लेकर पूरी तहसील में ग्रामीणों का आंदोलन शुरू हो गया है। माकपा के नेता निर्मल कुमार ने बताया कि परिसीमन के खिलाफ पूरे जिले में आंदोलन को तेज किया जाएगा। सभा को किसान नेता हरिसिंह बेनीवाल, मगनगिर गोस्वामी, पूर्व सरपंच सुरेंद्र सहारण, रामावतार पांडिया, ओमप्रकाश, पांडिया आदि ने संबोधित किया इस मोके पर धर्मचंद मुरलीधर, राकेश कुमार, संजय कुमार, हेतराम, रामनिवास तिवाड़ी, नेम गड़ाना, भागीरथ पांडिया, महावीर गोस्वामी, च्यानन‌मल सोनी, हरिसिंह नाई, पुरखा राम सहारण, किशन गिर, भादरराम जोशी, बलवान, प्रताप, मुखराम, घोटुराम मेघवाल, सोहनलाल प्रजापत, जगदीश सहारण, विद्याधर, राजू गिर, महावीर पांडिया, शुभकरण सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## भामाशाह महेश सामोता का सालासर में अभूतपूर्व स्वागत सत्कार



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** दुबई प्रवासी भारतीयों समाज सेवकों में महेश सामोता का नाम गिना जाता है। मूलत निकटवर्ती ग्राम खारीया कनीराम के है, हाल सालासर में परिवार सहित रहते हैं। दुबई में बालाजी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाते हैं और साथ में समाजसेवा कार्य करते रहते हैं। महेश सामोता ने बालाजी महाराज के दर्शन कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। बता दें कि सामोता परिवार ने सालासर इलाके में बहुत बड़े-बड़े योगदान दिए हैं। इससे पहले उन्होंने कोरोना के समय में अपने इलाके में बहुत गरीब लोगों की मदद की थी। इस दौरान हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश पुजारी व मंदिर प्रबंधन कमेटी के लोगों ने स्वागत किया। सालासर पहुंचने पर सीकर बस यूनियन अध्यक्ष गोपाल ढाका, सालासर व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश जाट, दिनेश कुमार सामोता, सुनील नेहरा, छात्र नेता रविकांत ढुकिया सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से गली न. 24 में डाला मलबा, आमजन परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** एक जगह से समस्या का समाधान करके दूसरी जगह पर समस्या पैदा कर दी जाए, तो वो समाधान नहीं कहलाता है। ऐसा ही इन दिनों सुजानगढ़ में देखने को मिल रहा है। दरअसल सुजानगढ़ के भोजलाई बास स्थित सांड चौक में पानी की टंकी को जर्जर होने के बाद तोड़ा गया। काफी दिनों तक मलबा सांड चौक में ही पड़ा रहा। लेकिन 25 अप्रेल को सांड चौक में समस्या का समाधान करने के लिए जेसीबी से मलबे के ट्रेक्टर भरे गए और यहां पर समस्या समाधान करते हुए भोजलाई बास की गली नम्बर 24 में यह मलबा डाल दिया गया। खास बात तो ये है कि एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी मलबे को न तो समतल करवाया गया है और न ही आम जनता की समस्या का समाधान किया गया है, लोग अपने घरों तक बाईक ले जाएं, ये भी मुश्किल खड़ी हो गई है। इस बारे में नगरपरिषद के सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल ने बताया कि ठेकेदार ने ट्रांसपोर्टेशन चार्ज बचाने के चक्कर में ऐसा किया




है। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने इस बारे में आयुक्त मघराज डूडी को निर्देश दिए कि जल्द मौके पर गली को समतल करवाया जाकर समस्या का समाधान करवाया जावे, क्योंकि वहां के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बाल वाहिनियों में बच्चे नही, दिख रहे 'बाराती', परिवहन विभाग मौन

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** राजलदेसर क्षेत्र में प्रशासन की लापरवाही काफी महंगी पड़ सकती है। यहां प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है और राज्य सरकार को भी लाखों रुपए के राजस्व का पलीता सीधा सीधा लगाया जा रहा है। बच्चों को लेकर स्कूल जाने वाली बाल वाहिनियों में अब बड़े बूढ़े आदमी भी नजर आने लगे हैं। क्षेत्र में आखातीज के विवाह सावे पर बाल वाहिनियों में बारात ढोने के काफी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जो चर्चा का विषय बन गए हैं प्रशासन के लिए चुनौती बन गए हैं। पूर्व में भी क्षेत्र में बाल वाहिनियों की सामाजिक कार्य में उपयोग होने की काफी शिकायत हुई। जिला कलेक्टर ने भी बाल वाहिनियों के नियमों की पालना के लिए सख्त आदेश दिए है लेकिन धरातल पर देखें तो निजी शिक्षण संस्थान के मालिकों की ताकत के सामने वह आदेश केवल औपचारिक बनकर रह गए हैं। आखातीज सावे में सरस्वती उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्था ढेढेरू, अणुव्रत विधालय छापर की बाल वाहिनियों से जोगलिया से बारात मोमासर जाते समय राजलदेसर शहर के सीसीटीवी कैमरे



में कैद हुई। क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी भी इन पर विशेष मेहरबान रहते है इसका कारण वसूली माना जा रहा है। अब देखना है कि परिवहन अधिकारी इन पर बड़ी कार्यवाही करते हैं या कुंभकर्णी नींद में ही सोए रहेंगे।

### ग्राम खदाया को यथावत् रखने की मांग, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव खदाया के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को एडवोकेट विजेंद्रसिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर गांव खदाया को वर्तमान पंचायत मुख्यालय भीमसर के अधीन यथावत रखे जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि पंचायत मुख्यालय भीमसर जाने के लिए खदाया गांव से पर्याप्त साधन हैं, इसलिए हमें भीमसर में ही रखा जाए, क्योंकि दूसरी पंचायत में अगर खदाया को शामिल किया जाता है, तो हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन पर कमल गुर्जर, कैलाश, लालाराम, रमेश, विक्रमसिंह, केसरदेव, चेतनदाराम, शंभुदयाल, दातारसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## सहकारी समितियां ऑडिट के लिए 31 मई तक ले सकेंगी प्रस्ताव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सहकारी समितियों को ऑडिट के लिए 31 मई तक प्रस्ताव लेने के लिए कहा गया है। विशेष लेखा परीक्षक निशा कुमारी ने बताया कि राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम 2003 के नियम 73 (4) के प्रावधानुसार प्रत्येक सोसायटी का वित्तीय वर्ष के मई माह के अन्त तक या ऐसे समय तक जो रजिस्ट्रार की ओर से नियम किया जाए, लेखों की परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक या लेखा परीक्षा फर्म को नियुक्त करना व ऑडिट फीस भी तय करनी होती है, जिसकी सूचना रजिस्ट्रार को देनी होती है। उन्होंने बताया कि जिन समितियों की लेखा परीक्षा सीए/ सीए फर्म की ओर से लगातार 02 वर्ष की गई है, उन सभी समितियों की लेखा परीक्षा विभागीय ऑडिटर से सम्पादित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 31 मई तक अगर कोई समिति संचालक मण्डल का प्रस्ताव लेकर लेखा परीक्षक या लेखा परीक्षा फर्म को नियुक्त नहीं करती है और इसकी सूचना रजिस्ट्रार को नहीं देती है, तो लेखा परीक्षक की नियुक्ति विभाग के विशेष लेखा परीक्षक सहकारी समितियां, चूरू की ओर से की जाएगी। इस तारीख तक समितियों के ऑडिट के लिए लिए गए ऑनलाईन प्रस्ताव ऑनलाईन राजसहकार पोर्टल से ही स्वीकार किए जाएंगे और उसकी प्रति विशेष लेखा परीक्षक, सहकारी समितियां, चूरू को समिति की ओर से भेजना अनिवार्य है।

### महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की 2 व 3 मई को आयोजित होने वाली परीक्षाएं स्थगित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की 2 व 3 मई, 2025 को आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाएं एनटीए की ओर से नीट यूजी -2025 की परीक्षा 4 मई, 2025 को आयोजित करने के कारण स्थगित की गई हैं। लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के परीक्षा नियंत्रक प्रो राजाराम चोयल की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार 4 मई, 2025 को नीट यूजी -2025 की अति महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित होने के कारण 2 व 3 मई की समस्त परीक्षाएं (तीनों पारी) स्थगित की गई हैं। स्थगित परीक्षाओं की नवीन तिथियों की जानकारी/अद्यतन प्रवेश-पत्र पृथक् से विश्वविद्यालय वेबसाइट पर आगामी दिनों में उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालयी वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

## विधिक साक्षरता क्लब को लेकर बैठक आयोजित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला व सेशन न्यायाधीश) रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता क्लब के द्वितीय चरण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजकीय बालक बागला उमावि, चूरू प्रधानाचार्य महेश कुमार सोनी, राजकीय बालिका बागला उमावि प्रधानाचार्य ज्योति मंगल यारा, गोपीराम गोयनका राजकीय उमावि प्रधानाचार्य ओमप्रकाश फगेड़िया, गीतांजली पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल अध्यापक पंचम शर्मा, लिटिल फ्लोवर स्कूल प्रधानाचार्य मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने कहा कि कानून की जानकारी का अभाव कई बार लोगों को न्याय से वंचित कर देता है। विधिक साक्षरता क्लब समाज में कानून की समझ विकसित करने और आमजन, छात्रों व युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत कराने में सहायक होगा। यह क्लब विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, दिव्यागों, मजदूरों व अन्य वंचित वर्गो के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा, जिससे वे अपने अधिकारों की सुरक्षा कर सकें। विद्यार्थियों में विधिक चेतना आएगी, जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेगें। उन्होंने बताया कि इस क्लब के माध्यम से छात्रों में बुनियादी विधिक जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी। नालसा की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से विधिक साक्षरता क्लबों की ओर से विभिन्न गतिविधियों का एक्शन प्लान तैयार किया जाकर क्रियान्विति की जाएगी।

बैठक में विधिक साक्षरता क्लब के द्वितीय चरण की रूपरेखा तैयार की गई। विधिक साक्षरता क्लब की ओर से माह जुलाई, 2025 में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सी. सै. स्कूल, चूरू के प्रधानाचार्य के सुपर विजन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सत्यापन के बाद ही होगा पशुओं का बीमा



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत किसानों के पंजीकृत पशुओं का बीमा, बीमा सर्वेयर का सत्यापन के बाद ही पूर्ण होगा। नोडल अधिकारी डॉ.सतीश कुमार शर्मा ने समस्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि पशुओं के पंजीकरण के लिए नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान ने संपर्क कर सरकार की योजना का लाभ उठाए। डॉ.सतीश शर्मा ने बताया कि पशु धन का बीमा लाभ पॉलिसी जारी होने के 21 दिन बाद ही लागू होगा।

## मजदूर दिवसः मजदूरों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** प्रजापति भवन में श्रमिक कल्याण सेवा संस्था की ओर से विश्व मजदूर दिवस पर निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा मुख्य अतिथि रहे। आयुर्वेदिक डॉक्टर तेज सिंह और डॉक्टर सुभाष ढंडा की ओर से आयुर्वेद चिकित्सा संबंधित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। विधायक पूसाराम गोदारा ने विश्व मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की उन्नति में श्रमिक बंधुओं का सबसे बड़ा योगदान है, इनकी मेहनत समर्पण और परिश्रम से ही देश के विकास को गति मिल रही है। शिविर में सैंकड़ों लोगों को निःशुल्क उपचार दिया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष विनय कुमार प्रजापत, महामंत्री मोहम्मद अली जीवन खान, बोधू खान , विनोद , राजकुमार सिमर, ओमप्रकाश मेघवाल, रामकुमार नायक, अनिल, राजेश, किशनलाल प्रजापत ,अमित काजी, रजाक मिस्त्री, संजय, वेद प्रकाश, जीवराज सिंह, रामकिशोर, महेश कुमार प्रजापत, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद देवी कथा में सुनाया महिषासुर वध का प्रसंग




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव बुकनसर छोटा में जमना देवी ब्रह्मनंद जोशी परिवार की ओर से श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन दंडी स्वामी शिवेद्राश्रम जी महाराज ने कथा का वाचन करते हुए महिषासुर संहार प्रसंग सुनाया। जिसमें माता आदि शक्ति ने दुर्गा के रूप में अवतार लिया था। यह कथा एक दुर्लभ अवसर है और इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथावाचक ने माता आदिशक्ति के दुर्गा के रूप में अवतार लेने की कथा सुनाई। जिसमें देवी ने महिषासुर का संहार किया। कथा में देवी दुर्गा की ओर से महिषासुर के संहार का वर्णन किया गया है जो एक महत्वपूर्ण प्रसंग है। कथावाचक ने बताया कि भागवत कथा सुनने का सौभाग्य दुर्लभ है और इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा में श्रीकृष्ण जन्म की भी कथा सुनाकर बताया कि कंस की कारागार में वसुदेव और देवकी के पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथा में बंशीधर बोहरा, सुखा राम मांगीलाल, जयनारायण, भंवर लाल, रामनिवास, देवीदत्त, विशाल सिंह, भवानी सिंह, गिरीश लाटा, राधे श्याम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मरणोपरान्त किया नेत्रदान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बाजार निवासी बुजुर्ग महिला जुगजीवनी देवी धर्मपत्नी फतेहचंद रेनीवाल की बुधवार शाम को हार्टअटैक मृत्यु होने पर उनके सुपुत्र मनोज रेनीवाल ने अपनी माँ के नेत्रदान की इच्छा को पूरा किया। प्रेरक टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार ने सरदारशहर स्थित नेत्र संग्रहण केंद्र से संपर्क किया और रात करीब 12 बजे डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व मे टीम सुजानगढ़ स्थित उनके घर पहुंची ओर नेत्र संग्रहण किया। स्वर्णकार ने बताया कि सम्भवतः किसी की मृत्यु होने पर घर से नेत्र संग्रहण कर ले जाना क्षेत्र का पहला मामला है।

## आक्रोश रैली निकालकर फूंका पाकिस्तान का पुतला

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आमजनता में पाकिस्तान और आतंकवाद के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। गांधी चौक में गुरूवार शाम को लोग एकत्रित हुए तथा पाकिस्तान व आतंकवाद के प्रति आक्रोश रैली निकाली। रैली गांधी चौक सभा मंच से शुरू होकर लाडनू बस स्टेंड तक पहुंची। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लाडनू बस स्टेंड पर पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। रैली के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, बसंत दाधीच, भाजपा नेता कमल दाधीच, पूर्व पार्षद सिराज खान कायमखानी, युनूस खां हाशमखानी, बशीर फौजी, प्रेम स्वामी, पार्षद ईकबाल खां कायमखानी, पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा, हिमांशु भाटी, दीनदयाल पारीक, शाहीद खान, रूपाराम गुलेरिया, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, गंगाधर लाखन, दामोदर प्रजापत, महेश सांसी, प्रियांशु लड़ा, विजयपाल श्योराण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना

## सहकारी भूमि विकास बैंक के ऋणधारकों को बड़ी राहत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार ने सहकारी भूमि विकास बैंकों से जुड़े किसानों और ऋणधारकों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 को लागू कर दिया है। यह योजना मुख्यमंत्री की ओर से बजट में की गई घोषणा के अनुरूप बनाई गई है। बैंक सचिव संजीव कुमार ने बताया कि यह योजना उन सभी ऋण खातों पर लागू होगी जो 1 जुलाई 2024 को अवधिपार श्रेणी में वर्गीकृत थे। हालांकि, वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत वितरित ऋण इस योजना के दायरे में नहीं आएंगे। यह योजना 30 सितंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। पात्र ऋणधारकों को 30 जून 2025 तक स्वयं की देय राशि का कम से कम 25 प्रतिशत जमा कराना अनिवार्य होगा। शेष राशि अधिकतम 3 किश्तों में योजना अवधि के भीतर चुकाई जा सकती है। वहीं 1 जुलाई 2024 को दर्ज अवधिपार राशि में से 31 मार्च 2025 तक शेष रही राशि पर राहत मिलेगी। इसमें अवधिपार ब्याज और अन्य व्यय की शत-प्रतिशत माफी दी जाएगी। मूलधन और बीमा प्रीमियम पर कोई राहत नहीं दी जाएगी। योजना की अधिक जानकारी के लिए बैंक की संबंधित शाखा में संपर्क करें।

## खाद्य सुरक्षा योजना में गिव-अप अभियान की अवधि अब 31 मई तक

अब तक 4678 परिवार हटवा चुके नाम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों को स्वेच्छा से अपना नाम हटवाने के लिए रसद विभाग ने एक और मौका दिया है। विभाग की ओर से योजना अंतर्गत गिव अप अभियान की अवधि 31 मई, 2025 तक बढ़ाई गई है। डीएसओ साक्षी पुरी ने बताया कि अभियान में अब तक 4678 परिवारों के 21009 लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपना नाम हटवाया है। इसके अलावा विभाग की तरफ से हर सप्ताह 20 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अब तक कुल 200 लाभार्थियों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जिनमें से 31 लाभार्थी सरकारी कर्मचारी हैं। विभाग इनके खिलाफ वसूली की भी कार्यवाही कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 26 जनवरी, 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना में नए लाभार्थियों के लिए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल शुरू किया गया था। आज तक खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए 32180 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## विधायक सहारण ने किया वाटर कूलर का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के गढ़ स्थित मातृ व शिशु अस्पताल में भामाशाह हरीश चोटिया ने अपने पिता बंशीधर चोटिया, माता नर्मदा देवी और भाई ओमप्रकाश चोटिया की स्मृति में गुरूवार को वाटर कूलर भेंट किया। वाटर कूलर का शुभारम्भ विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। वाटर कूलर के प्रेरणा स्रोत वरिष्ठ समाजसेवी सत्यनारायण व्यास व श्रवण दर्जी ने बताया कि गढ़ अस्पताल में आने-वाले मरीजों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण कोलकाता प्रवासी चोटिया परिवार ने अपने आर्थिक सौजन्य से वाटर कूलर भेंट कर पुण्य का कार्य किया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि भामाशाहों को इस प्रकार के पुण्य के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और जनहित के कार्यों में किया गया खर्च हमेशा याद रहता है। इस अवसर पर प्रेमकुमार बगड़िया, तेजपाल शर्मा, दारा सिंह, विनोद राठी, दीपक शर्मा, कपिल चंदेल, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, विश्वनाथ राजगुरु, श्रीराम पीपलवा, सलीम खान, भवानी शंकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर अतिरिक्त कोषाधिकारी शर्मा का किया अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कोष कार्यालय के अतिरिक्त जिला कोषाधिकारी रामस्वरूप शर्मा का राजकीय सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने पर बुधवार को कार्यालय परिसर में भव्य अभिनंदन किया गया। कोषाधिकारी प्रवीण कुमार सिंघल ने बताया कि शर्मा ने राजकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस अवसर पर शर्मा का मार्ल्यापण कर, साफा पहनाकर, शाल ओढ़ाकर व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम लाटा नाइजीरिया ने गोल्डन सिल्वर मोमेंटो व साहित्य प्रदान कर शर्मा का सम्मान किया। पूर्व मुख्य लेखाधिकारी भागीरथ शर्मा ने शर्मा के कार्यों की प्रशंसा की। बृजमोहन सुरोलिया ने शर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिरिक्त कोषाधिकारी पवन कुमार, लेखाधिकारी विमल कुमार सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल जांगिड़ ने किया।


पीड़ित पुलिस से लगा रहा गुहार, पुलिस बनी मूकदर्शक

# जोबनेर पुलिस थाने में पीड़ितों को धमकी देने का अनोखा 'न्याय'

## कुछ पुलिस वाले कर रहे हैं मुख्यमंत्री की इच्छा के विरूध काम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/जोबनेर(निसं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की परेशानी दूर करने और उनको सहूलियत देने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं, अधिकारियो को निर्देश दे रहे हैं। हाल ही में पुलिस का मैस भत्ता सहित कई घोषणाए की थी ताकि पुलिस स्वस्थ रहकर आमजन को राहत पहुंचाए मगर स्रमुख्यमंत्री की मंशा पर जोबनेर पुलिस पानी फेरती नजर आ रही है। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय का ध्येय वाली पुलिस की छबि को जोबनेर पुलिस ने धूमिल कर दिया है। यहां पुलिस का आमजन में नहीं बल्कि अपराधियों में विश्वास है और आमजन में भय व्याप्त हो गया है। खेड़ी अलूफा के पीड़ित गणेश जाट लगातार पुलिस से गुहार लगा रहा है मगर पुलिस टस से मस होने को तैयार नहीं है, आरोपियों पर कार्रवाई करना तो दूर की बात है। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली चरितार्थ करते हुए जोबनेर पुलिस उल्टा पीड़ित को ही गिरफ्तार करने की धमकी दे रही है। अब बेचारा पीड़ित गणेश जाट न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गया है और पुलिस उप अधीक्षक तक से गुहार लगाई तो उपअधिक्षक ने थाना प्रभारी को तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिये लेकीन जाबनेर पुलिस पर कोई फर्क नही पडा। इस स्थिति में पीड़ित गणेश जाट पुलिस की कार्यशैली से हताश हो चुका है। पहले ही परिवारजनों की मारपीट करने पर गणेश को विश्वास था कि



*युवक की पिटाई के बाद साइड में गिरी औरत एवं दूसरी औरत छुड़ाने का प्रयास करती हुई।*

पुलिस प्रशासन जरूर उसकी मदद करेगा लेकिन पीड़ित के मुताबिक पुलिस ने तो उसे ही बंद करने की धमकी दे डाली। अब पीड़ित के पास कोई चारा नहीं बचा है। दरअसल जोबनेर पुलिस थाने में जब सुहैल खान थाना अधिकारी के पद पर आए थे तो लोगों को उम्मीद थी कि वह उनके पिता के नक्शे कदम पर निष्पक्ष व निडर होकर कार्य करेंगे लेकिन लोगों का यह भ्रम कुछ ही महीनों में दूर हो गया जब जोबनेर पुलिस थाने में न्याय की बजाय पुलिस की धमकियां मिलने लग गई। इससे लोगों को दाल में काला नजर आने लगा है और लोगों का तो यहां तक कहना है कि पुलिस की कार्यशैली न्याय के विपरित दिशा में जा रही है जो सीधे-सीधे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे है।

### दंपत्ति को घर से बेदखल करने का प्रयास और आए दिन मारपीट

*पीड़ित गणेश जाट ने बताया कि उसके भाई पूरण पुत्र कानाराम जाट, कानाराम पुत्र लादूराम, ओमप्रकाश पुत्र पूरण जाट, गुलाब देवी पत्नी पूरण जाट आदि उसकी जमीन हड़पने के उद्देश्य से मारपीट कर रहे है। मारपीट के कारण अब पीड़ित दंपति सहम गए हैं और बुरी तरह डर बैठ गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी पुरण के लड़के ने तो वृद्धा को टीन शेड के पास बेरहमी से पीटा, वृद्धा ने मारपीट नही करने की मिन्नते मांगी, हाथ जोड़े लेकिन आरोपी पर मारपीट का भूत इस कदर सवार था कि वह आग बबूला होकर निर्दयता से मारपीट जब तक करता रहा तब तक वृद्धा बेहोश होकर नीचे नही गिर गई। इतना ही नहीं पीड़ित की पत्नी को भी आरोपियों ने जमकर पीटा जिसका वीडियो भी पीड़ित के पास है। हालांकि जयपुर टाइम्स इस वीडियों की पुष्टि नहीं करता है। उन्होंने बताया कि गुरूवार सुबह भी उसकी पत्नी घर का कचरा डालने बाहर गई थी उक्त आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे पूर्व दो दिन पहले आरोपियों ने गणेश जाट के साथ मारपीट की। अब हताश दंपत्ति खुद के ही घर से बेदखल होने का मजबूर है।*

### यह है विवाद का असली कारण

जानकारी के अनुसार खेड़ी अलूफा में पीड़ित गणेण जाट के पिता कानाराम के नाम छह बीघा जमीन है जिसको लेकर ही विवाद है। पीड़ित गणेश जाट के अनुसार वह तीन भाई है जिनके हिस्से में 2-2 बीघा जमीन आती है। इस जमीन में ही तीनों भाईयों ने मकान बना रखे है लेकिन अब पूरण ही इस जमीन को हडपना चाहता है। यह जमीन वर्तमान में कानाराम के नाम है। जमीन में पानी का कुआं/बोरिंग भी है जिसका पानी भी पीड़ित गणेश को लेने नहीं दिया जा रहा है।

### इनका कहना है

मैं इस मामले को लेकर जांच कराती हूं। मामला मेरी भी जानकारी में आया है।

**प्रियंका वैष्णव, पुलिस उप अधीक्षक जोबनेर**

### पीड़ित दंपति के साथ लगातार मारपीट, इधर पुलिस अभी तक मामले की नहीं करा पाई जांच

इस मामले में जोबनेर पुलिस थाने में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक मनोहरसिहं की भूमिका तो संदेह के घेरे में है। उसने न केवल आरोपियों का पक्ष लिया बल्कि पीड़ित को ही शराबी बता दिया। जबकि पीड़ित व्यक्ति धार्मिक व्यक्ति है और मंदिर में नित्य पूजा पाठ करता है।

## आमजन की सुविधाओं का रखें ख्याल, समस्याओं के निस्तारण में रखें त्वरितताः एडीएम अर्पितासोनी

**एडीएम अर्पिता सोनी ने सातड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुने जन अभाव - अभियोग**



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार गुरुवार को एडीएम अर्पिता सोनी ने जिले की सातड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ग्रामीणों के अभाव - अभियोग सुने और अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए एडीएम अर्पिता सोनी ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी आमजन के लिए सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें और सरकार की मंशानुरूप आमजन से प्राप्त शिकायतों व समस्याओं के निस्तारण में त्वरितता रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त परिवेदनाओं का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में ग्रामीणों ने बिजली व पेयजल आपूर्ति, पेयजल सप्लाई लाइन में लीकेज, आंगनबाड़ी केन्द्र का पट्टा सहित कुल 10 परिवेदनाएं प्रस्तुत की, जिस पर एडीएम अर्पिता सोनी ने सम्बंधित अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि अपने विभागीय कार्यों, योजनाओं व सेवाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार करें ताकि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंच सके। उन्होंने बिजली व पेयजल आपूर्ति और चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं के समुचित प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, तहसीलदार अशोक गोरा, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, निजी सहायक सुरेश कुमार, पीएचईडी से राजेन्द्र सिंह, पशुपालन विभाग से डॉ नीतू ढाका, डिस्कॉम से हर्षित, पीयूष कुमार, मनोज मीणा, सानिवि से राजेन्द्र बडगुजर, मनीषा, गिरदावर श्रवण कुमार, पटवारी नरेन्द्र सारण, सरोज, रामप्यारी, लाली देवी, देवेश बच्छावत, संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निर्वाचन आयोग के तीन नवाचार, होंगे असरदार

जयपुर टाइम्स




**चूरू/ नई दिल्ली(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तीन नई पहलें शुरू की हैं। ये नवाचार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की ओर से मार्च में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित विचारों के अनुरूप हैं, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। अब आयोग भारत के रजिस्ट्रार जनरल से मृत्यु पंजीकरण का डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा, जो कि निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 3(5)(b) (2023 में संशोधित) के तहत किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समय पर पंजीकृत मृत्यु की सूचना प्राप्त कर सकें। इससे फॉर्म 7 के तहत औपचारिक अनुरोध का इंतजार किए बिना बीएलओ क्षेत्रीय दौरे के माध्यम से जानकारी को पुनः सत्यापित कर सकेंगे। मतदाता सूचना पर्चियों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने उनके डिज़ाइन में बदलाव करने का निर्णय लिया है। अब मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या को अधिक स्पष्टता और बड़े फॉन्ट में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में नाम खोजना आसान होगा। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी बीएलओ, जिन्हें जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13B(2) के तहत ईआरओ की ओर से नियुक्त किया गया है, उन्हें मानक फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जाएं, ताकि वे मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियानों के दौरान आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें। बीएलओ चुनाव संबंधित कार्यों में मतदाता और निर्वाचन आयोग के बीच अहम संपर्क कड़ी होते हैं, इसलिए उनके लिए यह आवश्यक है कि वे घर-घर सर्वेक्षण के दौरान जनता के लिए आसानी से पहचाने जा सकें।

## न्याय की मांग को लेकर डीएसपी कार्यालय का घेराव, जांच अधिकारी बदलने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव सवाई बलवानिया में खेतों के रास्ते को लेकर हुए विवाद मामले में प्रशासन की ओर से रास्ते को तो खुलवा दिया गया। लेकिन विवाद में दोनों तरफ से परस्पर मामले दर्ज हुए थे। रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से धरना प्रदर्शन भी किया गया था। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित की ओर से ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठकर प्रशासन से रास्ता खुलवाने की मांग की गई। बीकानेर रोड पर जाम भी लगाया गया। जिस पर प्रशासन ने प्रहलाद सर्राफ की ओर से खेतों में जाने के लिए रास्ता रोका गया था उसको प्रशासन की ओर से खुलवाया गया। उसके बाद दोनों तरफ से पुलिस थाने में परस्पर मामले दर्ज हुए थे। जिसमें एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित की ओर से पुलिस पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों की ओर से दर्ज मामले में एफआर लगाने का विरोध जताते हुए इसके विरोध स्वरूप तहसील कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। गुरुवार को डीएसपी कार्यालय का घेराव कर ग्रामीणों ने एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के नेतृत्व में मामले में न्याय की



मांग की गई। एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि प्रहलाद सर्राफ की ओर से झूठा मुकदमा ग्रामीणों पर पुलिस थाने में दर्ज करवाया गया था। ग्रामीणों की ओर से करवाए गए मुकदमा में पुलिस ने मिली भगत करते हुए उस पर एफआर लगा दी जिसका विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया है। अगर पुलिस प्रशासन उस पर संज्ञान नहीं लेगा तो शुक्रवार को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बड़ी संख्या में एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के नेतृत्व में डीएसपी कार्यालय पर ग्रामीणों ने धरना देकर मामले में जांच अधिकारी बदलकर ग्रामीणों को न्याय देने की मांग की है।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा के विजेताओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के समाज सेवी संस्था श्री गांधी जनकल्याण समिति की ओर से गुरूवार को आदर्श विद्या मन्दिर उमावि में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा के टॉन टेन विजेताओं का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सज्जनलाल शर्मा, संदीप शर्मा, नरेन्द्र सिंह सीगड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, युवा नेता सुनील सैनी, एसएन इन्दोरिया आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता से विद्यार्थी के ज्ञान का विकास होता है। बच्चे सामान्य ज्ञान परीक्षा में प्रतिभागी बन अपने भीतर छिपी प्रतिभा को विकसित कर सकते है। इस अवसर पर अतिथियों ने टॉप टेन विजेता प्रतिभागी क्रमशः छात्रा



क्रमशः जानवी शर्मा, हिमांशु, दैविका शर्मा, गरिमा शेखावत, रौनक शेखावत, रक्षिता शेखावत, भूमिका स्वामी, प्राची शर्मा, हंशिका स्वामी तथा इशांत शर्मा आदि विजेता प्रतिभागियों को माला पहनाकर, नगद राशि व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक अभिषेक तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, बलवीर सिंह तेतरा, महेश कुमार सीगड़ा, संजू स्वामी हरीश कुमार जानू, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, जयवीर सिंह ने आगन्तुक मेहमानों का स्वागत किया और कार्यक्रम संयोजक सूर्यप्रकाश लाहोरा ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मंच संचालन गोविन्द सोनी ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं पंकज शर्मा, राम मंदिर के पास, पूरानी सडक चूरू, -331001 से प्रकाशित।
सम्पादक : रामेश्वरलाल जाट, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।